राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 221
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 06 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में प्रभारी मंत्री ने कहा लापरवाही नहीं करेंगे बर्दाश्त
पेज 4 वाराणसी गैंगरेप में 14 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट
पेज 6 'मुझे

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब में गैंगस्टर की हत्या, बदमाशों ने घेरकर गोलियां मारीं

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में शनिवार को दिनदहाड़े एक 28 वर्षीय युवक जुगराज सिंह उर्फ तोता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया, जो पास के सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गई। पुलिस के अनुसार, थाना मेहता के अंतर्गत गांव चन्ननके में 3 अज्ञात युवकों ने जुगराज सिंह पर फायरिंग की है। तीनों बदमाश बाइक पर सवार होकर आए थे। उन्होंने बेहद नजदीक से जुगराज सिंह पर फायरिंग की थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस वारदात की जिम्मेदारी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बंबीहा गैंग ने ली है। हत्या का कारण जग्गू भगवानपुरिया का साथ देना बताया है।

### पैतृक संपत्ति मामले सैफ अली खान को झटका

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने अभिनेता सैफ अली खान और उनके परिवार की 15 हजार करोड़ की पैतृक संपत्ति के मालिकाना मामले में भोपाल ट्रायल कोर्ट के दो दशक पुराने फैसले को निरस्त कर दिया है। ट्रायल कोर्ट ने सैफ अली खान, उनकी मां शर्मिला टैगोर और उनकी बहनों को संपत्तियों का मालिक माना था। हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को पुन: सुनवाई कर एक वर्ष के भीतर मामले का निपटारा करने के लिए निर्देशित किया है।



### हैप्पी मॉर्निंग


पति- पंडितजी एक बात बताइये ये जन्म-जन्म का साथ वाली बात सच है क्या? पंडित जी- सौ फीसदी सच
पति- मतलब मुझे अगले जन्म में भी यही पत्नी मिलेगी
पंडितजी- बिलकुल
पति- हे भगवान, फिर तो खुदकुशी करने से भी कोई फायदा नहीं....



### शायरी

उठ गई हैं सामने से कैसी कैसी सूरतें
रोइए किस के लिए किस किस का मातम कीजिए

### अर्थसार



सेंसेक्स:
83,432.89
+193.42 (0.23%)
निफ्टी:
25,461.00
+55.70

### मौसम



अधिकतम : 33 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय सोमवार : 5 : 30
सूर्यास्त रविवार : 7 : 29

# हर तरफ बारिश से तबाही

## मध्य प्रदेश के 20 शहरों में भारी बारिश, काशी में मणिकर्णिका घाट डूबा, हिमाचल में अब तक 69 मौतें



**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** देश के 20 शहरों में शनिवार को भारी बारिश हुई। मंडला, सिवनी और बालाघाट जिलों में रेड अलर्ट रहा। जबलपुर में गैस सिलेंडर वाला ट्रक पानी में डूब गया। मंडला में बाढ़ की स्थिति है। टीकमगढ़ में 24 घंटे में 6 इंच पानी गिरा है।

यूपी में काशी के महाश्मशान मणिकर्णिका घाट के ज्यादातर शवदाह वाले प्लेटफार्म गंगा नदी में डूब गए हैं। शवों का अंतिम संस्कार घाट की छत पर करना पड़ रहा है। आसपास के छोटे मंदिर भी जलमग्न हो चुके हैं।

राजस्थान में 1 जून से अब तक 167.1 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 137त्न ज्यादा है। वहीं, लगातार मानसून एक्टिव होने से अब एक भी जिला सूखा नहीं है। जबकि पिछली जुलाई के पहले हफ्ते तक 14 जिले सूखे की चपेट में थे।

हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश तबाही मचा रही है। उफनती नदियों से 14 पुल बह गए हैं। प्रदेश की 500 सड़कें पूरी तरह से बंद हैं। कांगड़ा, मंडी, चंबा और शिमला जिलों में भारी बारिश के चलते बाढ़ और लैंडस्लाइड से 69 लोगों की जान चली गई। सबसे बुरी स्थिति मंडी जिले में है, जहां 17 लोग मारे गए और 40 अभी भी लापता हैं। उत्तरप्रदेश में भी तेज बारिश जारी है। वाराणसी का रत्नेश्वर महादेव मंदिर गंगा में आधा से ज्यादा डूब गया। इसके अलावा पंडा-पुरोहितों की 300 से ज्यादा चौकियां डूब गईं। यहां गंगा का जलस्तर 4 दिन में 15 फीट तक बढ़ा है।

शुक्रवार रात 11 बजे तक गंगा का जलस्तर 62.63 मीटर दर्ज किया गया। खतरे का निशान 71.262 है।

### तमिलनाडु के होगेनक्कल में कावेरी नदी का जलस्तर बढ़ा

तमिलनाडु के होगेनक्कल में कावेरी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। कर्नाटक के बांधों से लगातार पानी छोड़े जाने के चलते नदी का बहाव अब 48,000 क्यूसेक तक पहुंच गया है। सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने पर्यटन पर प्रतिबंध जारी रखा है। यह पाबंदी लगातार 10वें दिन भी लागू है। प्रशासन का कहना है कि पानी का बहाव बहुत तेज है, इसलिए किसी भी तरह का जोखिम नहीं लिया जा सकता। स्थिति सामान्य होने तक पर्यटकों को आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### राजस्थान में अब तक 137 फीसदी ज्यादा बारिश

राजस्थान में इस साल मानसून खासा मेहरबान है। राज्य में इस सीजन सामान्य से 137 फीसदी ज्यादा बरसात दर्ज हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने शनिवार को भी 4 जिलों कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि 26 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही अगले 2-3 दिन कोटा, उदयपुर संभाग के जिलों में भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है।

### बंगाल में टीएमसी नेता की गुंडागर्दी

**फालाकाटा।** बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने शनिवार को बीच सड़क पर महिलाओं की पिटाई की। ऐसा वीडियो प्रसारित होते ही हंगामा मच गया। आरोपित तृणमूल कांग्रेस नेता का नाम असित कर है और वह तृणमूल कांग्रेस के पंचायत सदस्य हैं। उनकी गिरफ्तारी की मांग ने जोर पकड़ लिया है। घटना बंगाल में कूचबिहार जिले में हुई है। प्रसारित वीडियो में दिख रहा है कि तृणमूल नेता बीच सड़क पर महिलाओं को पीट रहे हैं।

### प्रदर्शन



तिरुवनंतपुरम में कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में एक महिला की मौत को लेकर केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार का इस्तेमाल किया।

## दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को किया ढेर

एजेंसी

**बीजापुर।** शनिवार को छत्तीसगढ़ एक बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर हुई इस मुठभेड़ में दो माओवादियों की मौत हो गई है। पुलिस ने आज यह जानकारी दी।



एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई, जब सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ माओवादी कैडरों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान शुरू किया गया था और शुक्रवार से ही इलाके में रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी। मुठभेड़ स्थल से दो पुरुष नक्सली के शव और हथियार बरामद किए गए हैं।

## पटना में बिजनेसमैन गोपाल खेमका की हत्या

### तेजस्वी को देखकर फूट-फूटकर रोईं कारोबारी की बहन, बोलीं-आपने कहा था अब ऐसा नहीं होगा, दोबारा क्यों हुआ



**पटना।** बिहार में शुक्रवार रात साढ़े 11 बजे बिजनेसमैन गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में शनिवार को पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है।

पुलिस सूत्रों की माने तो मर्डर शूटर से कराया गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ की टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

आईजी जितेंद्र राणा ने बताया, हत्याकांड के कई पहलू सामने आए हैं।

जिस पर जांच हो रही है। शूटर ने गोली मारी है। उसके साथ कुछ लाइजनर भी थे। शूटर से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं।

शूटर और शूटर को भेजने वालों की जानकारी मिल चुकी है। हत्या क्यों की गई, ये भी लगभग सामने आ चुका है। जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी होगी। कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन पर खेमका का मां का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कहा, मेरा बेटा भी भाजपा में था। मुझे इंसाफ चाहिए।

वहीं, गोपाल खेमका के परिवार से तेजस्वी यादव भी मिले। इस दौरान गोपाल खेमका की बहन तेजस्वी के सामने फूट-फूटकर रोने लगीं। कहा, आपने तो वादा किया था, ऐसा कुछ नहीं होगा, फिर ये कैसे हुआ।

गोपाल खेमका का रविवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनकी बेटी के स्कॉटलैंड से आने का इंतजार किया जा रहा है।

## उद्धव-राज ठाकरे बोले-मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी, तो हम गुंडे

### महाराष्ट्र सीएम फडणवीस ने कहा- विजय रैली में उद्धव ने रुदाली जैसी भाषण दिया



**मुंबई/पंढरपुर।** महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर जारी विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी एकता पर शनिवार को मुंबई के वर्ली सभागार में मराठी विजय रैली की। दोनों ने 48 मिनट तक हिंदी-मराठी भाषा विवाद, मुंबई-महाराष्ट्र, भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

दोनों नेताओं ने कहा- तीन भाषा का फॉर्मूला केंद्र से आया। हिंदी से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे थोपा नहीं जाना चाहिए। अगर मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी है तो हम गुंडे हैं।

इधर, महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस ने पंढरपुर में जनसभा के दौरान कहा- मराठी विजय रैली में उद्धव ठाकरे ने रुदाली (शोकसभा) जैसा भाषण दिया। मुझे बताया गया कि यह विजय रैली होनी चाहिए, लेकिन यह रुदाली भाषण निकला।

उन्होंने कहा कि उद्धव से कार्यक्रम में मराठी के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला गया। उनका भाषण केवल इस पर केंद्रित था कि उनकी सरकार कैसे गिराई गई और वे कैसे सत्ता हासिल कर सकते हैं।

### 20 साल बाद एक मंच पर साथ नजर आए उद्धव-राज

उद्धव और राज 20 साल बाद एक मंच पर साथ नजर आए। आखिरी बार 2006 में बाला साहेब ठाकरे की रैली में साथ दिखे थे। उद्धव को शिवसेना का मुखिया बनाने के बाद राज ने अलग पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बनाई थी। तब दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं थे।

## रामगढ़ में अवैध खनन के दौरान हादसा : 4 लोगों की मौत

### कई और के दबे होने की आशंका, ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी



रामगढ़ (झारखंड)। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के रामगढ़ के कुजू करमा कोलियरी में शनिवार सुबह एक बड़ा और दर्दनाक हादसा हो गया। अवैध कोयला खनन के दौरान अचानक चाल धंसने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वे मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

यह हादसा सीसीएल के लीज एरिया करमा परियोजना में हुई है। बताया जा रहा है कि महुआतुंगड़ी गांव के कई ग्रामीण शनिवार सुबह कोयला चोरी करने के लिए यहां पहुंचे थे। इसी दौरान कोयले का एक बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया, जिसकी चपेट में कई लोग आ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

जानकारी के मुताबिक स्थानीय लोगों ने अपनी जान जोखिम में डालकर तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। सभी ने मिल कर तीन शवों को मलबे से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान मोहम्मद इम्तियाज (यासीन अंसारी के पुत्र), रामेश्वर बेसरा और उनकी पत्नी अनीता देवी के रूप में हुई है। खबर लिखे जाने तक एक शव अभी भी मलबे के अंदर फंसा हुआ है, जिसे निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

### पेलोडर से हटाया जा रहा मलबा, अधिकारी पहुंचे

घटना की सूचना मिलते ही सीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। पेलोडर लगाकर शवों को हटाने और बचाव कार्य तेज करने का प्रयास किया जा रहा है। इधर घटना के बाद लोग नाराज हो गए हैं।

जेएलकेएम के नेता बिहारी महतो के नेतृत्व में ग्रामीण भारी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए और मृतकों के परिजनों के लिए उचित मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## वक्फ कानून-केंद्र सरकार ने नए नियमों का नोटिफिकेशन जारी किया

### सभी वक्फ संपत्ति का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा, 90 दिन का समय मिलेगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट रूल्स, 2025 का नोटिफिकेशन जारी किया है। ये नियम वक्फ संपत्तियों के पोर्टल और डेटाबेस, उनके पंजीकरण, ऑडिट और खातों के रखरखाव से जुड़े हैं।

नए नियमों के तहत एक केंद्रीकृत पोर्टल और डेटाबेस बनाया गया है, जिसमें देशभर की वक्फ की पूरा रिकॉर्ड दर्ज होगा। इसमें वक्फ संपत्तियों की सूची अपलोड करना, नया पंजीकरण, वक्फ रजिस्टर का रखरखाव, खातों की जानकारी देना, ऑडिट रिपोर्ट प्रकाशित करना और बोर्ड के आदेशों को दर्ज करना शामिल है।




वक्फ संपत्ति का प्रबंधक (मुतवल्ली) अपने मोबाइल नंबर और ईमेल के जरिए ओटीपी से लॉगिन करके पोर्टल पर रजिस्टर करेगा। इसके बाद वक्फ और उसकी संपत्ति का विवरण अपलोड कर सकेगा।

## अमरनाथ यात्रा- तीन दिन में 48,000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

### 7000 यात्रियों का चौथा जत्था गांदरबल-पहलगाम बेस कैंप पहुंचा; पहलगाम रूट पर हादसा, 36 घायल



**पहलगाम ।** अमरनाथ यात्रा के तीसरे दिन 21,109 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। इनमें 16,159 पुरुष और 3,921 महिलाएं शामिल रहीं। 226 बच्चे, 250 साधु, 29 साध्वी, 521 सुरक्षाबलों के जवान और 3 ट्रांसजेंडर श्रद्धालु भी दर्शन के लिए पहुंचे।

पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। पहले 3 दिन में 47,972 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। इस बीच यात्रियों का चौथा जत्था गांदरबल में बालटाल और अनंतनाग के पहलगाम में नुनवान बेस कैंप पहुंच गया है।

इधर, शनिवार को अमरनाथ यात्रियों को लेकर जा रहे काफिले की चार बसों में टक्कर हो गई। रामबन जिले में चंदरकोट लंगर के पास हुए हादसे में करीब 36 यात्री घायल हो गए हैं। हादसा तब हुआ, जब ब्रेक फेल होने के कारण एक बस का ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा। इससे काफिले में शामिल तीन और बसें आपस में टकरा गईं।

### तेलंगाना फैक्ट्री धमाका

**9 लापता, 19 का इलाज जारी; घटना वाले दिन फैक्ट्री से 31 शव बरामद हुए थे**

## तेलंगाना फैक्ट्री धमाका- मरने वालों का आंकड़ा 40 हुआ

हैदराबाद। तेलंगाना की फॉर्मा फैक्ट्री धमाके में मरने वालों का आंकड़ा शनिवार को 39 से बढ़कर 40 हो गया।

जिले के एडिशनल कलेक्टर चंद्रशेखर बड्डुगु ने बताया कि आज सुबह एक और घायल मजदूर की मौत हो गई। अब 19 घायलों का इलाज चल रहा है, जबकि नौ लोगों की तलाश जारी है।

हादसा 30 जून को पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ था। घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग मौजूद थे।



उस दिन रेस्क्यू और मेडिकल टीम ने 31 शव बरामद किए थे।

रिएक्टर में तेजी से केमिकल रिएक्शन होने से ब्लास्ट की आशंका जताई गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की मदद की घोषणा की थी। वहीं, कंपनी ने मृतकों के परिजन को 1 करोड़ रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 10 लाख रुपए और अन्य घायलों को 5 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की थी।

एक मजदूर ने बताया कि वह 30 जून की सुबह 7 बजे नाइट शिफ्ट पूरी करके बाहर निकला था।

सुबह की शिफ्ट का स्टाफ अंदर आ चुका था। धमाका करीब 8 बजे हुआ। शिफ्ट शुरू होने पर मोबाइल जमा हो जाता है, इस वजह अंदर काम कर रहे लोगों की कोई खबर नहीं मिल पाई।

एक मजदूर के परिवार की महिला ने बताया कि उनके परिवार के चार लोग फैक्ट्री में काम करते हैं। इनमें उनका बेटा, दामाद, जेठ और देवर शामिल हैं। इनमें से तीन सुबह की शिफ्ट में थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि वहां काम कर रहे मजदूर करीब 100 मीटर दूर जाकर गिरे। विस्फोट की वजह से रिएक्टर यूनिट तबाह हो गई है।

कंपनी के एक कर्मचारी ने बताया कि अधिकतर मजदूर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। एक शिफ्ट में 60 से ज्यादा मजदूर और 40 अन्य लोगों का स्टाफ काम करता है।

# संपादकीय

## बुलडोज़र की धार : अनंगपुर से अडानी तक सबका नंबर आएगा या सिर्फ़ गरीबों का?

देश में अब दो क़ानून हैं — एक 'क़ानून' और एक 'बुलडोज़र' — फर्क बस इतना है कि एक किताब में लिखा है, और दूसरा सत्ता के इशारे पर चलता है।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

'संरक्षित क्षेत्र', 'वन अधिनियम', 'सुप्रीम कोर्ट का आदेश' — अब ये कानून नहीं, सत्ता की रणनीति बन चुके हैं।

जब यही नियम दिल्ली के आसपास की फार्महाउस बेल्ट पर मौन हो जाते हैं, लेकिन अनंगपुर जैसे ऐतिहासिक गांव में तलवार बनकर टूट पड़ते हैं, तो सवाल पूछा जाना राष्ट्रधर्म है।

### अनंगपुर का सच क्या है?

अनंगपुर कोई 'अतिक्रमण' नहीं — यह 1500 साल पुराना ऐतिहासिक गांव है।
राजा अनंगपाल की राजधानी रहा, सांस्कृतिक धरोहर है।
लेकिन आज वहाँ के लोगों को कहा जा रहा है :
'तुम जंगल काट रहे हो'
'तुम कब्जेदार हो'
'तुम्हारे घर गिरेंगे — ये सुप्रीम कोर्ट का आदेश है!'

### सवाल यह है

☞ क्या गुरुग्राम–फरीदाबाद की फार्महाउस बेल्ट जंगल में नहीं आती ?
☞ क्या DLF, Ansal, Central Park जैसी कंपनियाँ हर बार वन अधिनियम का पालन करती हैं ?
☞ क्या अरावली में बने आलीशान फार्महाउस — जिनमें स्विमिंग पूल, क्लब और बाउंसर तक हैं — किसी वन नीति से बाहर हैं ?
☞ क्या वहाँ बुलडोज़र चला ?

**उत्तर स्पष्ट है : नहीं!**

### बिल्डर सुरक्षित, किसान खतरे में!

गरीब का खेत – अतिक्रमण
अमीर की टाउनशिप – विकास
यही सत्ता की परिभाषा है।

### बुलडोज़र अब न्याय नहीं, राजनीति का औज़ार है।

☞ कल मुसलमानों के घर गिरे
☞ आज गुर्जरों की ज़मीन उजड़ी
☞ कल यादवों की बारी होगी
☞ फिर दलित, जाट, राजपूत — सबकी

बुलडोज़र यह नहीं देखता कि ज़मीन किसकी है — वो देखता है कि सत्ता किसकी है।

### सुप्रीम कोर्ट की आड़ या सत्ता का षड्यंत्र?

सुप्रीम कोर्ट का आदेश : 'वन भूमि से अतिक्रमण हटाओ'
लेकिन सरकार का क्रियान्वयन
गरीब को हटाओ,
अमीर को CLU (Change of Land Use) दे दो।

### सीएलयू किसे मिल रहा है?

– बिल्डर को
– पॉलिटिकल डोनेटर को
– सत्ता के चहेतों को
गरीब को कहते हैं : 'कब्ज़ा है'
बिल्डर से कहते हैं : 'लीज़ है, विकास है'
कानून की किताब सबके लिए एक है —
लेकिन उसके पन्ने गरीबों के लिए सबसे तेज़ी से पलटे जाते हैं।

### इतिहास से सीखो

जब किसान दिल्ली की सीमाओं पर 13 महीने तक सड़कों पर थे,
तब कुछ गुर्जर नेता सत्ता का गुणगान कर रहे थे।
आज उन्हीं गुर्जरों की ज़मीन पर बुलडोज़र चल रहा है।
'जो उस समय तालियाँ बजा रहे थे,
आज उनके घर उजड़ रहे हैं।'
यही हाल कल यादवों का होगा
फिर दलित, जाट, राजपूत —
और अंत में बचेंगे वही,
जो सत्ता की गोद में बैठकर पनीर टिक्का खा रहे हैं।

### अब सवाल है

क्या बुलडोज़र सिर्फ़ नूंह, अनंगपुर, हापुड़, मथुरा के गरीबों पर चलेगा ?
या फिर सोहना रोड, अडानी टाउनशिप, और लुटियंस दिल्ली की बारी भी आएगी ?
या वहाँ कानून की व्याख्या अलग है ?
हम चेतावनी देते हैं अगर यह नीति नहीं बदली तो:
☞ गुर्जर भी उजड़ेंगे
☞ दलित भी रोएंगे
☞ यादव भी पछताएंगे
☞ जाट भी नहीं बचेंगे
और सिर्फ वही बचेंगे —
जो सत्ता की गोद में बैठकर मलाई खा रहे हैं।

### अब भी समय है —

☞ अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाओ
☞ अदालत का दरवाजा खटखटाओ
☞ मीडिया को जगाओ
☞ और सबसे ज़रूरी — आपस में मत बंटो!
क्योंकि बुलडोज़र जाति नहीं देखता — सत्ता का नक्शा देखता है।

### याद रखो — ये चेतावनी पहले ही दी गई थी

'एक रहोगे तो सेफ रहोगे,
बटोगे तो कटोगे!'

ये बात पहले ही कही गई थी —
लेकिन तुम बंटे रहे,
एक-दूसरे के दुःख पर ताली बजाते रहे,
और सत्ता के जाल में फंसते चले गए।
अब अगर एक नहीं हुए —
तो आने वाला बुलडोज़र सबको रौंद देगा।

'बचाना है तो एक होना पड़ेगा!'
अब नहीं चेते — तो कल सबका नंबर आएगा।

# बारिश का कहर: प्रकृति का विक्षोभ या विकास की विफलता?

ललित गर्ग



बीते कुछ वर्षों में पहाड़ों में बारिश एवं बादल फटना अब डर, कहर और तबाही का पर्याय बन गई है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, और पूर्वोत्तर के अन्य पहाड़ी राज्यों में हर वर्ष मानसून के साथ भयावह भूस्खलन, बादल फटना, पुल बहना और सड़कें टूटना एक आम दृश्य बन गया है। यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि एक व्यवस्थागत विफलता, सरकारी निर्माण की लापरवाही और अनियोजित विकास की पोल खोलने वाला यथार्थ है। निश्चय ही हाल के वर्षों में बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और बारिश की तीव्रता बढ़ी है। हर वर्ष जब मानसून की पहली बारिश पहाड़ों को भिगोती है, तो स्थानीय जनजीवन एक नई उम्मीद के साथ खिल उठता है। खेतों में हरियाली, नदियों में जल, और प्रकृति की शीतलता–मानसून एक उत्सव जैसा लगता है। लेकिन हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए। बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रुपये की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है।

2023 और 2024 के मानसून ने हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्यों में जो कहर बरपाया, वह केवल आँकड़ों में सीमित नहीं है। दर्जनों लोग मारे गए, सैकड़ों मकान जमींदोज़ हो गए, हजारों लोग बेघर हुए। हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, सड़कों, सुरंगों और इमारतों के निर्माण ने जिस तरह से पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना के साथ छेड़छाड़ की, वह अब प्रकृति के प्रतिशोध का कारण बन रही है। उत्तराखंड में 'ऑल वेदर रोड', हिमाचल में सुरंगें और जल विद्युत परियोजनाएं–इन सभी ने विकास के नाम पर जिस प्रकार अंधाधुंध खुदाई और कटान किए हैं, उससे पर्वतीय क्षेत्र अपनी स्थायित्व खोते जा रहे हैं। वैज्ञानिक चेतावनियों के बावजूद कई निर्माण कार्यों में भूगर्भीय सर्वेक्षण की अनदेखी की गई। नतीजा यह हुआ कि हल्की–सी भारी बारिश में ही सड़कें धंस जाती हैं, इमारतें दरकने लगती हैं, और पूरा गाँव मलबे में दब जाता है। वास्तव, पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है। दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालयी पारिस्थितिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है। इस तथाकथित विकास के नाम पर हमने उन सीढ़ीनुमा रास्तों को दरकिनार कर दिया, जो पहाड़ों को मजबूती देते थे। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इनकी तीव्रता और आवृत्ति में ज़बरदस्त वृद्धि देखी गई है। इसकी मुख्य वजहें हैं– अनियंत्रित पहाडों की कटिंग और खुदाई, बढ़ता भारी वाहन यातायात, जल निकासी की अव्यवस्था एवं वन क्षेत्र का अत्याधिक क्षरण। सरकारी निर्माण एजेंसियां अक्सर तय मानकों की अनदेखी करती हैं। निर्माण सामग्री घटिया होती है और मुनाफाखोरी के चक्कर में दीवारें और पुल बरसात में ताश के पत्तों की तरह ढह जाते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और पर्यावरण वैज्ञानिक लगातार चेताते रहे हैं कि हिमालयी क्षेत्र बेहद संवेदनशील हैं। फिर भी, निर्माण कार्यों के लिए भू-सर्वेक्षण, पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) और जनसुनवाई की प्रक्रियाओं को या तो टाल दिया जाता है या खानापूर्ति भर की जाती है। चार धाम यात्रा मार्ग पर बनने वाली सड़क परियोजनाओं को सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार रोका और सुझाव दिए कि पहाड़ों को काटने की बजाय टनल या वैकल्पिक मार्ग बनाए जाएं, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे उलट है।

निश्चय ही पूरी दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते मौसम के बिगड़े तेवर नजर आ रहे हैं, लेकिन पहाड़ों में जल-प्रलय सी आपदा का विनाश निश्चय ही भयावह है। वैज्ञानिकों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि क्यों हुई है। इस साल की मानसूनी बारिश में मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे, घरों, सड़कों और बगीचों को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया है, उसने पहाड़ों में विकास के स्वरूप को लेकर फिर नये सिरे से बहस छेड़ दी है। राज्य के तमाम महत्वपूर्ण राजमार्ग भूस्खलन और अतिवृष्टि से बाधित रहे हैं। कांगड़ा घाटी में ऐतिहासिक रेल परिवहन को स्थगित करना पड़ा है। शिमला के पास एक बहुमंजिला इमारत के भरभरा कर गिरने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने भयभीत किया। जब बारिश आती है, तो केवल इमारतें और सड़कें नहीं ढहतीं, आम लोगों का जीवन भी उजड़ जाता है। लोग रातोंरात बेघर हो जाते हैं। स्कूल, अस्पताल, बिजली-पानी की सुविधाएं बंद हो जाती हैं। प्रशासनिक अमला अकसर घटनास्थल पर देर से पहुँचता है और राहत कार्यों में राजनीतिक रस्साकशी आड़े आ जाती है। राहत कैंपों में भोजन, शौचालय और दवाइयों की भारी कमी रहती है। जब किसी राज्य में बड़ी आपदा आती है, तभी मीडिया और नेताओं की नज़र जाती है। हेलिकॉप्टर से निरीक्षण, मुआवज़े की घोषणाएं, और 'हम साथ हैं' जैसे बयान आते हैं। लेकिन जैसे ही मौसम सामान्य होता है, पीड़ितों की सुध लेने वाला कोई नहीं रहता। लंबे समय तक पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्य अधर में लटकते हैं।


निश्चय ही मौसम के मिजाज में तल्खी नजर आ रही है लेकिन इस संकट के मूल में कहीं न कहीं अवैज्ञानिक विकास, खराब आपदा प्रबंधन और निर्माण में पारिस्थितिकीय ज्ञान की उपेक्षा भी निहित है। जिसने इस संकट को और अधिक बढ़ाया है। दरअसल, पानी के प्रवाह के जो प्राकृतिक रास्ते थे, हमने उन पर बहुमंजिली इमारतें खड़ी कर दी हैं। हमने अपेक्षाकृत नयी हिमालयी पर्वतमालाओं पर इतना भारी-भरकम विकास व निर्माण लाद दिया कि वे इस बोझ को सहन नहीं कर पा रही हैं। निर्माण कार्य में स्थानीय पारंपरिक वास्तुकला और प्राकृतिक सामग्री का प्रयोग बढ़ाया जाए। भू-सर्वेक्षण और ईआईए को अनिवार्य किया जाए, हर निर्माण से पहले वैज्ञानिक स्तर पर ज़मीन की जाँच और पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन आवश्यक हो। वनों की अंधाधुंध कटाई को रोका जाए और जलग्रहण क्षेत्रों को पुनर्स्थापित किया जाए। गाँवों और कस्बों के स्थानीय लोगों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल किया जाए ताकि निर्माण कार्य ज़मीनी ज़रूरतों और जोखिमों के अनुसार हो।

हिमालय को केवल भूगोल नहीं, अध्यात्म का स्रोत भी माना जाता है। यहाँ की नदियां, पहाड़ और घाटियां धार्मिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व रखती हैं। जब इन स्थानों पर अंधाधुंध निर्माण होता है, तो केवल भू-आकृति नहीं, सांस्कृतिक चेतना भी नष्ट होती है। पर्वतीय जीवन में तबाही के पीछे केवल प्रकृति नहीं, हमारी नीति, नियत और विकास का वह मॉडल ज़िम्मेदार है जो केवल तात्कालिक लाभ और मुनाफे पर केंद्रित है। हम पहाड़ों को केवल पर्यटक स्थल या परियोजना-स्थल की दृष्टि से न देखें, बल्कि वहां के पर्यावरण, संस्कृति और जीवन पद्धति को समझें और संरक्षण का दायित्व लें। नहीं तो हर बारिश के साथ पहाड़ों से जीवन खिसकता जाएगा और एक दिन यह संकट केवल स्थानीय न रहकर राष्ट्रीय बन जाएगा। दरअसल, पहाड़ों की संवेदनशीलता को देखते हुए नये सिरे से निर्माण के मानक तय करने होंगे। वहीं दैनिक जल निकासी और बरसाती पानी के प्रवाह के लिये वैज्ञानिक ढंग से व्यवस्था करनी होगी। निश्चित रूप से पहाड़ों में लगातार बढ़ती जनसंख्या और बुनियादी ढांचे में पहाड़ की प्राथमिकताओं को नजरअंदाज करने की कीमत हम चुका रहे हैं। भविष्य में ऐसी आपदाओं को टालने के लिये अतीत के सबक सीखकर हमें विकास के नये मानक तय करने होंगे। ऐसा लगता है कि किसी का इस पर ध्यान ही नहीं कि यदि बुनियादी ढांचे से जुड़े निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाएगा तो जैसा हादसा मंडी अथवा शिमला में हुआ, वैसे हादसें होते ही रहेंगे और उनका दोष प्रकृति पर मढ़कर कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाएगी।

बात केवल हिमाचल की ही नहीं है, उत्तराखंड में भी कुछ स्थानों पर भूस्खलन होने से तीर्थयात्री संकट में पड़े हैं। इसका कोई मतलब नहीं कि हम बार-बार विकसित भारत की बात करें, लेकिन सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की अनदेखी करें और मानक होते हुए भी उनका पालन न करें। इस तरह से तो हम विकसित देश नहीं बन सकते।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3582




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3581 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने डाक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा-'डाक्टर साहब! मैं आपका बहुत एहसानमन्द हूँ. आपके इलाज से मुझे बहुत फायदा पहुँचा है.'

'मगर.....?' डाक्टर ने चौंकते हुए कहा-'मैंने तो कभी आपका इलाज नहीं किया.'

'आपने मेरा तो नहीं, मगर मेरे करोड़पति चाचाजी का इलाज किया था. पिछले सप्ताह उनका देहान्त हो गया और मैं उनका एकमात्र वारिस हूँ.'

एक पिता मृत्यु की घड़ियां गिन रहा था . उसके तीन पुत्र आपस में बहस कर रहे थे. बड़ा पुत्र बोला-'एम्बूलेंस मंगा लेनी चाहिए.'

मंझला-'नहीं! बैल ठेला कर लेंगे!'

छोटा-'कन्धे पर डालकर ले चलो!'

सुनकर पिता से रहा नहीं गया, बोला-'तुम मेरी चप्पलें ला दो, मैं खुद ही चला जाऊंगा.'

□ □ □

सीता-'मेरे बाप ने तो तैरने का रिकार्ड तोड़ दिया. पूरे तीन दिन बाद वापस लौटे हैं.'

गीता-'वह तो ठीक है. लेकिन तुम्हारे बाप हमारे बाप के सामने तो टिक नहीं सकते!'

'कैसे ?'

'मेरे बाप चार वर्ष पहले तैरने गये थे और आज तक वापस नहीं आये हैं.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3582



**बायें से दायें:-**

१. जॉय मुखर्जी, नंदा की 'मुझे इश्क है तुम्हीं से' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मेरे टूटे हुए दिल से कोई तो' गीत वाली राजकपूर, नूतन की फिल्म-३
६. आमिर, फैजल, ट्विंकल की 'तुझे रब ने बनाया है' गीत वाली फिल्म-२
७. अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
८. 'तसवीर बनाता हूँ' गीतवाली फिल्म-४
९. 'जब लिया हाथ' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
११. राजकुमार, प्रिया की 'ये पर्वतों के दायरे ये शाम' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'दिल में जिगर में' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
१३. विकास भल्ला, सुमीत, की 'कोई दिल ना किसी' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
१५. विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
१७. राजकुमार, मीना की 'चलते चलते यूंही कोई मिल' गीत वाली फिल्म-३
१९. जैकी श्रॉफ, रति की फिल्म-२
२१. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ये प्यार यार क्या' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'ना सतरा से ऊपर ना' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
२३. 'दुपट्टे का पल्लू' गीतवाली फिल्म-४
२६. फिल्म 'दोस्ताना' में अमिताभ की नायिका ?-३
२७. अभिषेक, अंतरा माली की 'इश्क दा तड़का' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'मेरे दिल में रहो या जिगर' गीत वाली अष्मित, मीरा की फिल्म-३
२९. गुरूदत्त, वहीदा रहमान की 'जाने क्या तूने कही' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'देर है अंधेर नही' गीत वाली शत्रुघ्न, राजकपूर, योगिता की फिल्म-२,२
३१. फिल्म 'सलाखें' में नायक ?-२

**ऊपर से नीचे:-**

१.'मन क्यों बहका रे' गीत वाली शशि शेखर सुमन, रेखा, नीना की फिल्म-३
२. मिथुन, जुगल, सोनाली की 'तेरी चाहत में दिल' गीत वाली फिल्म-१,२
४. 'सीली हवा छू गई सीला' गीत वाली नसीर, शबाना आजमी की फिल्म-३
५. अमिताभ, अमजद खान, नीतू की 'छूकर मेरे मन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'बोल बेबी बोल रॉक' गीत वाली अनिल कपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१०. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'राजा ना जा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'मैं लैला का मजनूं' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कोरा कागज था मन' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१६. संजय कपूर, माधूरी की 'फूल मांगू ना बहार माँगूं' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वहीदा की फिल्म-३
१८. अमिताभ, अक्षय, जॉन, रिमी की 'फलक देखूं' गीत वाली फिल्म-३,३
२०. फिल्म 'देवी' में नायिका कौन थी-३
२४. 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२५. नसीर, अष्मित, उर्मिला की फिल्म-४
२६. 'शहर शहर डगर डगर' गीत वाली जैकी, संजय, सोनम की फिल्म-२,१

फिल्म वर्ग पहेली- 3581



## सूडोकु -3582

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3581 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3582



**बाएँ से दाएँ**

2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**

1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

शब्द पहेली -3581 का हल



# नोएडा में प्रभारी मंत्री ने कहा लापरवाही नहीं करेंगे बर्दाश्त

## विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक, सांसद-विधायकों को निर्देश



**नोएडा।** प्रदेश सरकार की योजनाओं को गति देने के लिए शनिवार को राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग और जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने सभी विभागों के साथ बैठक की। ये बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

### लापरवाही नहीं करेंगे बर्दाश्त

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को जन समस्याओं के तुरंत निपटारा करने, जनसुनवाई पोर्टल पर मिली शिकायतों का निपटारा और जनता से सीधे संवाद के जरिए शासन की योजनाओं को पंक्ति में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। जनप्रतिनिधियों के अनुभव व सुझाव योजनाओं को हितकारी बनाने में सहायक होते हैं।

### जनप्रतिनिधियों से बनाए संवाद

इसलिए सभी विभागीय अधिकारी अपने अपने विभागों में संचालित योजनाओं के संबंध में अपने-अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से निरंतर संवाद एवं समन्वय में बनाकर कार्य करें। अंत में प्रभारी ने मंत्री ने निर्देशित किया कि वह जन भावनाओं का सम्मान करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करें, जिससे आमजन को योजनाओं का लाभ समय से मिल सके।

### डीएम ने कहा अक्षरशः किया जाएगा पालन

इसमें आईजीआरएस, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, चिकित्सा विभाग, वन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, प्राधिकरणों के अलावा सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान राज्यमंत्री ने विभागवार प्रोजेक्ट की समीक्षा की। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त किया गया कि विकास कार्यक्रमों में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उनके द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं, संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनका पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

## खाना बनाने के लिए भी सोसाइटी में पेयजल नहीं

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित पंचशील ग्रीन 2 के बने विला में रहने वाले लोग पिछले करीब एक सप्ताह से पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं, लेकिन बिल्डर प्रबंधन उनकी समस्या का समाधान करने के लिए तैयार नहीं है। लोग आरोप है कि मोटर ख़राब होने के कारण घरों में खाना बनाने के लिए भी पानी नहीं है, जिसके कारण लोगों को होटल से खाना मांगना पड़ रहा है। पंचशील ग्रीन फेस 2 में करीब 180 विला बने हुए हैं, जिनमें करीब 170 में परिवार रहते हैं। सोसाइटी के लोगों का आरोप है कि पिछले करीब एक सप्ताह से सोसाइटी में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है, जिससे लोगों का बुरा हाल है।गर्मी में पानी की खपत भी अधिक होती है। वहीं, बिल्डर प्रबंधन द्वारापूरे दिन मेमें थोड़ी जो सप्लाई की जाती है उसका प्रेशर इतना काम होता है कि वह घर के अंदर तक नहीं जा पाता। लोगों का आरोप है कि बिल्डर प्रबंधन की मोटर खराब हो गई है, जिसको करीब 5 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक बिल्डर ने इस मोटर को ठीक करने का कार्य शुरू नहीं किया है, जिसके कारण घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। शुक्रवार देर रात को लोगों ने इस मामले का विरोध जताते हुए बिल्डर प्रबंधन कार्यालय पर जाकर जोरदार हंगामा किया।

# प्रेमिका की हत्या के आरोपी से पुलिस मुठभेड़

## चौगानपुर में पकड़ा गया आरोपी, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र के अंतर्गत 4 जुलाई को एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के निर्माण विहार कॉलोनी में 37 वर्षीय शबनम की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी गई थी।

पुलिस ने मृतका के पुत्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर दो टीमें गठित कीं। चौगानपुर गोलचक्कर के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोका गया। आरोपी ने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया।

घायल आरोपी की पहचान मुकीम (38) के रूप में हुई, जो दादरी का रहने वाला है। पूछताछ में उसने बताया कि वह शबनम के साथ रिश्ते में था। उसकी पत्नी और बच्चों के विरोध के बाद वह इस रिश्ते से पीछा छुड़ाना चाहता था। इसलिए उसने शबनम को अपने किराए के कमरे में ले जाकर उसकी हत्या कर दी।

आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकू, एक तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस .315 बोर और पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि 4 तारीख को एक महिला की हत्या की सूचना मिली थी, उसके बाद इस मामले में मृतका के पुत्र की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ और टीमों का गठन करके आरोपी की तलाश की गई ।आज पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें उसे घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया गया है।

## शार्ट न्यूज

### बीमा क्लेम के लिए झूठी चोरी की एफआईआर दर्ज कराई



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में एक व्यक्ति ने बीमा राशि हासिल करने के लिए अपनी ही बुलेट मोटरसाइकिल की झूठी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सूरजपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 5 जुलाई 2025 को एनआईएमटी इंस्टीट्यूट के सामने से 32 वर्षीय हन्नी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने 8 दिसंबर 2023 को सूरजपुर थाना क्षेत्र में अपनी बुलेट मोटरसाइकिल की चोरी की ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पता चला कि हन्नी ने अपनी बुलेट मोटरसाइकिल अकबर नामक व्यक्ति को बेच दी थी। इसके बाद उसने बीमा कंपनी से पैसे हासिल करने के लिए चोरी की झूठी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के पास से बेची गई बुलेट मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। आरोपी मूल रूप से दिल्ली के मलकागंज का रहने वाला है और वर्तमान में त्रिलोकपुरी, अशोकनगर में रहता है।

### किसानों ने नंद गोपाल नंदी को सौंपा ज्ञापन

**नोएडा।** किसान संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में किसानों के अधिकारों और लंबित मांगों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। साथ ही समस्याओं और मांग पत्र नंद गोपाल नंदी को सौंपा। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द सभी मांगों पर काम किया जाएगा। इस मौके पर मोर्चा पदाधिकारी सुखवीर खलीफा ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए जोर देकर कहा कि प्राधिकरण द्वारा प्रभावित सभी किसानों को 10त्न प्लॉट समानता आधार पर दिए जाने चाहिए। इस पर औद्योगिक विकास मंत्री ने इस विषय पर मुख्यमंत्री से बात करने का आश्वासन दिया। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. रूपेश वर्मा ने भूमि अधिग्रहण कानून, 2013 के तहत किसानों को प्राप्त होने वाले लाभों को लागू करने और 11 सालों से लंबित सर्किल रेट में संशोधन की मांग की।

### फरीदाबाद में नोएडा का हथियार सप्लायर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने एक हथियार सप्लायर गौरव को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक देसी पिस्टल और 5 कारतूस को 65 हजार रूपए में बेचा था। जिससे प्रापर्टी डीलर के ऑफिस में काम करने वाले 26 वर्षीय युवक की हत्या की गई थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पल्ला थाना पुलिस के अनुसार शिवम कालोनी ईस्माईलपुर के रहने वाले सूरज (26) की 18 मई की रात करीब 1 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह वारदात उस उस समय की गई, जब सूरज बसंतपुर में दुर्गा बिल्डर के पास शराब के ठेके के पास खड़ा हुआ था। तभी उस पर गोलियां चलाई गई। गोली लगने से सूरज की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी गौरव गांव शाहदरा, नोएडा-उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। गौरव ने आरोपी रोहित नागर को 65 हजार रूपए में एक देसी पिस्टल और 5 कारतूस बेचे थे। जिसके बाद सूरज की हत्या कर दी गई। पुलिस इस मामले में 4 आरोपियों अजय, रोहित नागर, आकाश व रोहन को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### छठीं मंजिल से गिरकर श्रमिक की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-131 स्थित जेपी विशटाउन सोसाइटी की निर्माणाधीन इमारत की छठीं मंजिल से गिरकर श्रमिक की मौत हो गई। इस मामले में मृतक के परिजनों ने अब तक थाने में शिकायत नहीं दी है। छत्तीसगढ़ निवासी 20 वर्षीय सुमित शहर में मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता था। वह कुछ दिनों से सेक्टर-131 स्थित जेपी विशटाउन सोसाइटी के निर्माणाधीन केवीए टावर-15 में काम कर रहा था। रोजाना की तरह वह शुक्रवार को भी टावर पर काम करने के लिए पहुंचा। पुलिस के मुताबिक वह छठीं मंजिल पर दोपहर को खाना खाने के बाद काम करने को चला तो उसका पैर फिसल गया ।वह जमीन पर नीचे आ गिरा। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी के गिरने की आवाज सुनकर नीचे काम कर रहे लोग भागकर मौके पर पहुंचे तो सुमित लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। इसके बाद उसे नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।


### गौतम बुद्ध नगर ने प्रदेश में दूसरे नंबर पर सबसे अधिक जीएसटी वसूला

**नोएडा।** राज्य जीएसटी विभाग गौतमबुद्ध नगर की विशेष अनुसंधान शाखा ने जून में लखनऊ के बाद छापेमारी में सबसे अधिक कर चोरी पकड़ी है। विभाग ने 20 कारोबार स्थल में छापेमारी से 34 करोड़ रुपए से अधिक जीएसटी जमा करवाया है। विभाग ने इस कार्रवाई की जानकारी जारी की है। जून में प्रदेश में राजस्व प्राप्ति में सबसे ऊपर लखनऊ रहा है। इसमें लखनऊ जोन एक ने 35 छापेमारी में 59.72 करोड़ रुपये कर वसूला है। लखनऊ जोन दो ने 16 स्थानों पर छापेमारी में 4.34 करोड़ रुपये कर प्राप्त किया है। मई में गौतमबुद्ध नगर ने 24 स्थानों पर छापेमारी में 11.63 करोड़ रुपये कर जमा कराया था ।यह पूरे प्रदेश में सर्वाधिक था। राज्य जीएसटी विभाग गौतमबुद्ध नगर से मिली जानकारी के मुताबिक रेकी, दस्तावेजों की जांच और आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस की मदद से जीएसटी चोरी करने वाले कारोबारियों की जानकारी प्राप्त करके छापेमारी की गई थी। कार्रवाई की जद में लगभग हर तरह का कारोबार करने वाला कारोबारी आया था। जुलाई में भी कार्रवाई जारी है।

### मजार के पास अवैध निर्माण पर कार्रवाई

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में सड़क किनारे स्थित मजार के पास के अवैध निर्माण को शनिवार को हटा दिया गया। महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में नगर निगम और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर पक्के निर्माण, टीन शेड और फर्श को ध्वस्त किया। महापौर ने कहा कि अब इस स्थल पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मजार के आसपास की सभी दुकानदारी गतिविधियों को हटाने का निर्देश दिया। इस स्थान को ग्रीन जोन में बदला जाएगा और पौधारोपण किया जाएगा। इससे पहले शुक्रवार को महापौर ने मजार पर एक युवक को फटकारा था। वह मजार से जुड़ी गतिविधियों में शामिल था और अवैध रूप से वहां रह रहा था। महापौर ने चेतावनी दी कि धार्मिक स्थल की आड़ में अवैध कब्जा या दुकानदारी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक इस जमीन से पहले भी अतिक्रमण हटाया गया था। लेकिन कुछ समय बाद फिर से निर्माण कर लिया गया। अब इसे पूरी तरह खाली कराया जा रहा है। महापौर ने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि भविष्य में यहां या किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र में अतिक्रमण होने पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

### 14 साल की नाबालिग से कार में दुष्कर्म



**मोदीनगर।** मोदीनगर थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय स्टूडेंट के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी आदित्य चौधरी ने रात करीब 10 बजे किशोरी को फोन कर गांव के बाहर बुलाया। वहां से उसे जबरन कार में डालकर ले गया। आरोपी किशोरी को सुनसान जगह ले गया। वहां कार में उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट भी की। एक घंटे से ज्यादा समय तक आरोपी किशोरी को कार में घुमाता रहा। इसके बाद उसे गांव के बाहर छोड़कर फरार हो गया। किसी तरह किशोरी घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई। पीड़िता के पिता ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि पुलिस ने आदित्य चौधरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी की तलाश जारी है। पीड़िता कक्षा 10 की छात्रा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नोएडा में तीन नाबालिग ने स्टूडेंट से की छेड़खानी

**सभी लोग एक दूसरे से पहले से परिचित, फोन पर भेजे अश्लील मैसेज, जांच कर रही पुलिस**

**नोएडा।** नोएडा के थाना एक्सप्रेसवे स्थित एक गांव में रहने वाली किशोरी के साथ तीन नाबालिग ने अश्लील हरकत की। उसके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजे। इस मामले में नाबालिग के खिलाफ आईटी एक्ट और छेड़खानी की धारा में केस दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। किशोरी के पिता ने नाबालिगों द्वारा भेजे गए मैसेज का स्क्रीनशॉट भी पुलिस को उपलब्ध कराया है।

थाना क्षेत्र स्थित एक फार्महाउस में केयर टेकर का काम करने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी आठवीं कक्षा की स्टूडेंट है और उम्र 14 साल है। बेटी का नंबर शिकायतकर्ता के घर के बगल में रहने वाली तीन नाबालिगों ने कहीं से ले लिया। नाबालिग भी आठवीं और नौंवी के छात्र हैं। आरोप है कि नंबर लेने के बाद नाबालिग पीड़ित की बेटी से बातचीत करने लगे। ऐसा कई दिन तक चलता रहा। बाद में नाबालिग ने स्टूडेंट के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजना शुरू कर दिया।

### परिजनों से की अभद्रता

मामले की शिकायत करने के लिए जब परिजन थाने पहुंचे वहां थाना प्रभारी ने उनके साथ अभद्रता की। इसका एक वीडियो भी सामने आया। वहां खड़े परिजनों ने वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया। वायरल हुए इस वीडियो की जांच एसीपी-3 को दी गई है।

# नोएडा में कूड़े से बनेगी बिजली, कंपोस्ट और पानी

## वाशिंग, सिंचाई और कंस्ट्रक्शन में होगा प्रयोग; 300 टीडीपी क्षमता का लगेगा इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट



**नोएडा।** नोएडा में निकलने वाले वेस्ट से एक साथ तीन प्रोडेक्ट बनेंगे। पहला बायोगैस से बिजली , दूसरा कंपोस्ट और तीसरा पानी। इस पानी का प्रयोग कार वाशिंग, कंस्ट्रक्शन और सिचाई के लिए किया जाएगा। इस इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट कहते है। अभी ये प्लांट गोवा में रन कर रहा है। वहां इससे पानी, बिजली और कंपोस्ट तीनों बनाए जा रहे है। इसी टेक्नोलॉजी का प्रयोग करके नोएडा में 300 टीडीपी का प्लांट लगाया जाएगा।

गोवा में प्लांट का दौरा करने गए अधिकारियों ने इसकी पीपीटी तैयार की है। जिसका प्रजेंटेशन किया जाएगा। गोवा के इस प्लांट में कचरे से जैविक पदार्थों को अलग किया जाता है और उन्हें बायोगैस के रूप में परिवर्तित किया जाता है। जो विद्युत ऊर्जा उत्पादन में सहायक होता है। रेस्टोरेंट्स से निकलने वाले गीले कचरे को महत्वपूर्ण बायो-प्रोडक्ट्स मीथेन युक्त जैसे बायो-गैस में बदला जाता है। साथ ही सूखे कचरे से रीसाइकल करने योग्य सामग्री मिलती है। गोवा के इस इस प्लांट में 250 मैट्रिक टन कचरे का इसी तरह निपटारा किया जाता है। इससे पानी भी निकलता है। इसके अलावा प्लांट प्रतिदिन 7-8 टन खाद भी उत्पन्न करता है।

### कूड़े से मिलेगा साफ पानी

गीले सूखे कचरे को इस टेक्नोलॉजी से निपटारा करने से हमे लिचेड (एक प्रकार का गंदा पानी) मिलता है। इस पानी को शोधित कर प्रयोग में लाया जा सकता है।

प्राधिकरण इस पानी का प्रयोग करेगा। इसके लिए इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के साथ ही एक एसटीपी भी बनाया जाएगा। ये लिचेड एसटीपी में शोधित होगा। एक आकलन के अनुसार 100 टन कचरे से रोजाना करीब 2 टन पानी बनाया जा सकता है। जिसका प्रयोग कार वाशिंग , सिचाई और कंस्ट्रक्शन में हो सकता है।

### पीपीपी मॉडल में लगाएंगे प्लांट

नोएडा के अस्तौली में इस प्लांट को पीपीपी मॉडल पर लगाया जाएगा। यानी कंपनी बिजली , कंपोस्ट और पानी को बेचकर प्लांट का खर्चा निकालेगी। इस प्लांट को चलाएगी। साथ ही एग्रीमेंट के तहत प्राधिकरण को हैंडओवर करेगी। इसकी क्षमता 300 से 400 टन कीर होगी। इसके लिए जल्द ही आरएफपी जारी की जाएगी।

### नोएडा में 1200 टन रोज निकलता कचरा

नोएडा में रोजाना करीब 1200 टन वेस्ट निकलता है। जिसका निपटारा वैज्ञानिक पद्यति से सेक्टर-145 में किया जा रहा है। यहां एक्स्ट्रा और रोजाना निकलने वाले कचरे के निपटारे के लिए कंपनी का चयन भी जल्द किया जाएगा। जोकि 5 लाख टन कचरे का निपटारा करेगी।

# नोएडा में हेलीकाप्टर बुकिंग के नाम पर ठगे 1.87 लाख

## केदारनाथ और बद्रीनाथ के लिए की थी बुकिंग, गूगल से सर्च किया था नंबर



**नोएडा।** केदारनाथ और बद्रीनाथ यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर बुकिंग के नाम पर ठगों ने दंपती से 1.87 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित जब देहरादून पहुंचे, तब उन्हें ठगी की जानकारी हुई। इसके बाद दंपती की ओर से सेक्टर-20 थाने में केस दर्ज कराया गया। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गूगल से निकाला नंबर

कुशलराज व पल्लवी दोनों पति पत्नी हैं और लंबे समय से सेक्टर-21 में रह रहे हैं। उन्होंने मई में केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर जाने की योजना बनाई थी। योजना के अनुसार दोनों ने हेलिकॉप्टर बुकिंग का विकल्प चुना ताकि किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

हेलिकॉप्टर की बुकिंग के लिए कुशलराज ने 26 मई को गूगल से बुकिंग करने वाली एजेंसी का नंबर निकाला। यहां से वह अभिषेक शर्मा नाम के व्यक्ति के संपर्क में आए। अभिषेक ने खुद को हिमालयन हेली सर्विसेज का कर्मी बताकर दंपती को झांसे में लिया।

### देहरादून पहुंचे बंद मिला नंबर

दंपती को विश्वास दिलाया जा सके इसके लिए उसने कंपनी का जीएसटी नंबर और कर्मचारी पहचान पत्र भी दिया ।पीड़ित दंपती ने हेलिकॉप्टर से आने-जाने समेत इंश्योरेंस और होटल चार्ज जोड़कर 1.87 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। जब वह 13 जून को देहरादून पहुंचे तो होटल में बुकिंग नहीं मिली।

संपर्क करने पर अभिषेक का मोबाइल नंबर बंद आने लगा। इससे पीड़ित को अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ। उन्होंने यात्रा पूरी करने के बाद नोएडा सेक्टर 20 थाना पुलिस से शिकायत की।

### पुलिस को दिए ट्रांजैक्शन डिटेल

कुशलराज का कहना है महीनों बाद भी अभिषेक का नंबर बंद आ रहा है। आशंका यह भी जताई जा रही है कि उसने अपना नाम पीड़ित को गलत बताया है।

मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बुकिंग और ट्रांजैक्शन संबंधी सभी दस्तावेज पीड़ित ने पुलिस उपलब्ध कराए हैं।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण अंतिम चरण में

**नवंबर तक एशिया का सबसे बड़ा और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा तैयार**

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने यमुना प्राधिकरण के सभागार में तीनों अथॉरिटी की समीक्षा बैठक की। उन्होंने औद्योगिक विकास के लिए जमीन आवंटन में तेजी लाने के निर्देश दिए। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। यह एयरपोर्ट नवंबर तक पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। यह एशिया का सबसे बड़ा और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। प्रोजेक्ट की प्रगति पर मंत्री ने संतोष व्यक्त किया। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान यमुना प्राधिकरण ने 103 प्रतिशत और नोएडा प्राधिकरण ने 99 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया। मंत्री ने एयरपोर्ट निर्माण के पहले, दूसरे और तीसरे चरण का बार चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में फिल्म सिटी प्रोजेक्ट की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने संवेदनशील मुद्दों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ, इस एयरपोर्ट का महत्व और बढ़ गया है।

# एसआईटी ने जमीन अधिग्रहण के 151 प्रकरणों की जांच पूरी



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में जमीन अधिग्रहण से जुड़े 151 प्रकरणों की एसआईटी जांच पूरी हो गई है। एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। इन मामलों में 2007-08 से 2011-12 के बीच 2192 किसानों के लिए आबादी की बैकलीज की गई थी। आबादी की बैकलीज में गड़बड़ी की शिकायतें मिलने पर शासन ने यमुना प्राधिकरण के पूर्व सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया था। शासनादेश के अनुसार 151 प्रकरणों को छोड़कर अन्य में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के भूलेख विभाग ने एसआईटी के समक्ष किसानों के बैकलीज से जुड़े साक्ष्य प्रस्तुत किए। एसआईटी ने कुछ प्रकरणों की मौके पर भी जांच की।

# पैसा बढ़ाने का झांसा देकर 10 लाख की ठगी

## बिसरख पुलिस ने 3 आरोपियों को दबोचा, 4.83 लाख रुपये और 3 कारें बरामद



**गौतम बुद्ध नगर।** बिसरख थाना पुलिस ने पैसा दोगुना करने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से 4.83 लाख रुपये और तीन लग्जरी कारें बरामद की गई हैं।

मामले में पीड़ित रोबिन ने पुलिस को बताया कि वह लॉजिस्टिक का काम करता है। उसकी दोस्ती विवेक मिश्रा से हुई। विवेक की दोस्ती अमेठी निवासी पवन मिश्रा से थी, जो भी लॉजिस्टिक का काम करता है। पवन ने रोबिन की मुलाकात विवेक, लोकेश और अरमान से करवाई।

आरोपियों ने रोबिन को झांसा दिया कि अगर वह 500 रुपये के नोटों में 10 लाख रुपये देगा, तो वे 100-200 के छोटे नोटों में दो लाख रुपये ज्यादा वापस करेंगे। लालच में आकर रोबिन मान गया। 1 जुलाई को चेरी काउंटी के पास स्थित पेट्रोल पंप पर रोबिन से पवन कुमार मिश्रा, लोकेश संजीव और अरमान ने पैसों से भरा बैग ले लिया। आरोपी अलग-अलग कारों में बैठकर फरार हो गए और पैसे वापस नहीं किए। इसके बाद रोबिन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति अवस्थी ने बताया कि इस मामले में शिकायत मिलते ही तत्काल प्रभाव से टीम का गठन किया गया और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 एरिया से रोजा याकूबपुर के पास से आरोपी लोकेश मिश्रा निवासी मध्य प्रदेश, पवन कुमार मिश्रा निवासी अमेठी और संजीव कुमार शर्मा निवासी हरियाणा को तीन कारों के साथ में गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से सलबिया कार, आई 20 कार और एक स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद की और साथ ही ठगी किए हुए 4 लाख 83500 भी बरामद किए।

अभी किस घटना में एक आरोपी अरमान फरार चल रहा है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

# वाराणसी गैंगरेप में 14 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट

## एसआईटी ने 410 पेज की रिपोर्ट कोर्ट में सबमिट की, 29 मार्च से 3 अप्रैल तक 23 ने किया था रेप

**वाराणसी।** वाराणसी में युवती से गैंगरेप के मामले में एसआईटी जांच पूरी हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। 410 पेज की चार्जशीट में गिरफ्तार हुए 14 आरोपियों को वारदात में शामिल बताया गया है।

अब कोर्ट केस में अगले सप्ताह से ट्रायल शुरू करेगा। जांच रिपोर्ट में एसआईटी ने पीड़िता के साथ वारदात होने की बात कही है। साथ ही जो 14 आरोपी जेल भेजे गए हैं, उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत होने का दावा किया है।

बता दें कि युवती ने 29 मार्च से 3 अप्रैल तक शहर के अलग-अलग इलाकों में 23 युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया था। मामले को लेकर पुलिस ने 11 से 15 अप्रैल तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जो जेल में हैं। तब एसआईटी ने एक महीने में जांच पूरी कर चार्जशीट दाखिल करने का दावा किया था। लेकिन इसमें 3 महीने का समय लग गया।

### दो महीने पहले एसआईटी ने दर्ज किए थे पीड़िता के बयान

वारदात के लगभग एक महीने बाद अस्पताल से डिस्चार्ज हुई पीड़िता ने एसआईटी को अपने बयान दर्ज कराए थे। डीसीपी क्राइम के कार्यालय में एसआईटी के सामने पीड़िता ने बयान दर्ज कराए थे। युवती ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी थी।

युवती के अलावा उसके पक्ष से एक अन्य का भी बयान लिया। गैंगरेप पीड़िता के दर्ज बयान का कोर्ट में दर्ज बयान का एसआईटी अब अपने बयान से मिलान करने के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।

केस में परिजनों के अलावा युवती की तीन सहेलियों के बयान भी दर्ज किया गए हैं। आरोपियों के अलावा 35 अन्य लोगों के बयान भी एसआईटी ने दर्ज किए हैं। टीम ने पीड़िता के साथ 4 स्थलों का मुआयना भी किया था।

एसआईटी में डीसीपी वरुणा जोन



प्रमोद कुमार, एडीसीपी नीतू कादयान, एडीसीपी क्राइम श्रुति श्रीवास्तव शामिल थे। डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार ने बताया कि पीड़िता के बयान, घटना से संबंधित सीसी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, इंस्टाग्राम चैट और एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर 14 आरोपियों के खिलाफ विवेचक ने चार्जशीट दाखिल कर दी है।

हरसंभव प्रयास किया जाएगा कि मुकदमे का ट्रायल फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो। आरोपियों पर आरोप सिद्ध कर उन्हें कठोर सजा दिलाने के लिए पुलिस अदालत में प्रभावी तरीके से पैरवी करेगी।

### एसआईटी को लीड कर रहे डीसीपी वरुणा के प्रमोद कुमार

वाराणसी लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र की निवासी युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सीपी की गठित जांच कर रही है। डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी अब चंद दिनों में अपनी रिपोर्ट सीपी को सौंपेगी। सीपी की ओरसे निर्धारित 30 दिन से पहले जांच लगभग पूरी हो चुकी है। गुरुवार की शाम पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज भी दर्ज कर लिया, जिसके बाद चार्जशीट दाखिल करना ही बाकी रह गया है।

29 मार्च से लापता युवती चार अप्रैल को बरामद हुई थी। पांच अप्रैल को मां के साथ वह लालपुर पांडेयपुर थाने गई। सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में 12 नामजद और 11 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मामले की निष्पक्ष जांच के लिए पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने 17 अप्रैल को डीसीपी वरुणा जोन की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। जांच में जुटी एसआईटी ने 29 मार्च से 4 अप्रैल तक पीड़िता के मोबाइल नंबर, इंस्टाग्राम अकाउंट भी पुलिस ने जांचे हैं।

### लालपुर थाने में दर्ज कराया केस

खजुरी इलाके की 19 वर्षीय युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में लालपुर पांडेयपुर थाने में केस दर्ज है। जिसमें बताया गया कि 29 मार्च को अपने घर से लापता हो गई थी। चार अप्रैल को पुलिस ने उसे तलाश कर उसके परिजनों को सौंप दिया था। युवती ने अपने परिजनों को अगले दिन बताया कि 29 मार्च से 3 अप्रैल तक उसके साथ शहर के अलग-अलग इलाकों में 23 युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है।

मामले को लेकर पुलिस ने 11 से 15 अप्रैल तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया। उसी दौरान काशी आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बारदात का संज्ञान लिया।

इस पर पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने जांच के लिए 17 अप्रैल को एसआईटी का गठन किया।

# शार्ट न्यूज

## ऑपरेशन कन्विक्शन : ललितपुर में अपराधियों पर नकेल,1 महीने में 54 को मिली सजा

**ललितपुर ।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अभियोगों की प्रभावी पैरवी कराये जाने के आदेश के क्रम में ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन कानपुर व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक, ललितपुर मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र व अधिक से अधिक सजा दिलाने जाने हेतु प्रभावी पैरवी कराते हुये मॉनीटरिंग सेल/पैरवी सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/पैरोकार एवं क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारी/विवेचकगण आदि को मा0 न्यायालय में पैरवी हेतु नामित किया गया था । जिनके द्वारा अपराधों के अभियोगों की समुचित पैरवी मा0 न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को माननीय न्यायालय में समय से प्रस्तुत कराकर मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय जनपद ललितपुर द्वारा 01 माह (माह जून) में कुल 28 चिन्हित अभियोगो में कुल 54 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा करवायी गयी तथा कुल 73,700 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित करवाया गया है ।

## झांसी में छेड़छाड़ के दोषी को 3 साल की जेल

**झांसी।** झांसी में किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 3 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। नहीं देने पर दो माह की जेल अतिरिक्त काटनी होगी। यह फैसला शनिवार को पॉक्सो एक्ट कोर्ट के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद नेयाज अहमद अंसारी ने बताया है। विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने एरच थाना में तहरीर दी थी। जिसमें बताया था 4 अप्रैल 2018 को बड़े भाई के मकान में गैस सिलेंडर फट गया था। इससे मकान में आग लग गई थी और नुकसान हुआ था। 17 साल की बेटी छत पर खाना बनी रही थी। तभी विलाटी गांव का अरविन्द पटेल पुत्र छोटेलाल पटेल छत पर चढ़ गया। उसने बेटी के साथ छेड़छाड़ की। जब बेटी ने ललकारा तो छत से कूदकर भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार किया था। बाद में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। लंबी सुनवाई के बाद आज कोर्ट ने अरविंद पटेल को दोषी देते हुए 3 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

## खेत से लौटते वक्त 13 साल की बालिका की मौत

**( बांगरमऊ ), उन्नाव।** उन्नाव के मियागंज के आसीवन थाना क्षेत्र में एक किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बारीथाना गांव के धर्मपाल की 13 वर्षीय बेटी जान्हवी खेत में धान की बेढ़ लगाने गई थी। वापस आते समय अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। परिजन तुरंत उसे मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर उमर फारूक ने पुलिस को सूचना दी है। मृतका चार भाई दो बहनों में सबसे छोटी है। मृतका की मां शिव दुलारी सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जान्हवी चार भाई और दो बहनों में सबसे छोटी थी। उसकी मां शिव दुलारी और परिवार के अन्य सदस्य इस अचानक हुई मौत से सदमे में हैं।

## युवक ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

**सहारनपुर।** सहारनपुर की कोतवाली मंडी क्षेत्र की श्यामपुरी कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि युवक की पत्नी, सास और पत्नी के पूर्व प्रेमी द्वारा उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना कोतवाली मंडी की श्यामपुरी कॉलोनी की धोबी घाट निवासी सौरभ (28) पुत्र महावीर की शादी 2 जुलाई 2021 को थाना नानौता के मोहल्ला सहगजादग्रान निवासी शालू से हुई थी। दोनों का चार वर्षीय बेटा भी है। सौरभ के बड़े भाई रवि सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि शादी से पहले शालू का कोतवाली मंडी क्षेत्र निवासी रोबिन नामक युवक से प्रेम संबंध था। शादी के बाद भी शालू और उसकी मां ममतेश, रोबिन के साथ मिलकर सौरभ पर पांच लाख रुपये देने और अपनी संपत्ति बेचकर घर जमाई बनने का दबाव बना रहे थे।

## चंदौली में कारोबारी की दिनदहाड़े हत्या

**चकिया( चंदौली )।** चंदौली में भाजपा जिला उपाध्यक्ष के भाई को दिनदहाड़े गोली मार दी गई। सुबह वह अपनी दुकान पर खड़े थे। तभी गांव का एक युवक आया और उनसे गाली-गलौच करने लगा। उन्होंने युवक को डांट कर भगा दिया। करीब आधे घंटे बाद बंदूक लेकर वापस आया। उसने भाजपा नेता के भाई के सीने पर बंदूक सटाकर गोली मार दी। इससे मौके पर ही मौत हो गई। फायरिंग की आवाज सुनकर आस-पास के लोगों ने दौड़ाकर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी को पुलिस ने अपनी हिरासत में लिया है। आरोपी उस वक्त नशे में था। भाजपा नेता के परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वारदात से इलाके में तनाव है। पुलिस बल तैनात है। पूरा मामला चकिया थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर गांव का है। वारदात के बाद सीएचसी पर लोगों की भीड़ लग गई। भाजपा नेता प्रदीप (पीले रंग की शर्ट) भी मौके पर पहुंचे। वारदात के बाद सीएचसी पर लोगों की भीड़ लग गई।

# धर्मांतरण का मास्टरमाइंड 'छांगुर बाबा' अरेस्ट

## इस्लाम कबूलने पर ब्राह्मण-ठाकुर लड़कियों को 16 लाख देता था; 100 करोड़ फंडिंग का खुलासा

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने धर्म परिवर्तन के मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को लखनऊ से गिरफ्तार किया। उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को भी पकड़ा है। छांगुर बाबा पर 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था।

जांच एजेंसियों के अनुसार, जमालुद्दीन खुद को हाजी पीर जलालुद्दीन बताता था। लड़कियों को बहला-फुसलाकर जबरन उनका धर्मांतरण करवाता। उसके टारगेट पर हिंदू लड़कियां होती थीं। हर जाति की लड़कियों का रेट फिक्स था।

छांगुर बाबा ने फर्जी संस्थानों के नाम



छांगुर बाबा, आरोपी

पर 40 से अधिक बैंक अकाउंट खुलवाए थे।

जिनमें करीब 100 करोड़ की फंडिंग का भी खुलासा हुआ है। उसने 40 बार इस्लामिक देशों की यात्राएं भी की हैं। एटीएस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

### अब पढ़िए पूरा मामला...

एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) अमिताभ यश ने बताया कि बलरामपुर के ग्राम मधपुर में पीर साहब, नसरीन, जमालुददीन, महबूब आदि के नाम से कई संदिग्ध व्यक्तियों के रहने की सूचना मिली।

जांच में पता चला कि विदेशी फंडिंग से एक साल में करोड़ों की संपत्तियां खरीदी गईं।

इस गिरोह के लोगों ने 40 बार इस्लामिक देशों की यात्रा की थी। उन्होंने अपने नाम और फर्जी संस्थाओं के नाम से 40 से अधिक बैंक खाते खुलवाए। जिनमें लगभग 100 करोड़ का लेन-देन हुआ। ये फंड विदेशों से भेजे गए थे।

जिनसे शोरूम, बंगले और लग्जरी गाड़ियों जैसी संपत्तियां खरीदी गईं। इसके बाद एटीएस ने बलरामपुर के ग्राम मधपुर गांव से जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसके साथी नीतू उर्फ नसरीन को गिरफ्तार किया गया।

एटीएस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा खुद को पीर बाबा और हजरत बाबा जलालुद्दीन के नाम से प्रचारित करता था।

# वकील ने कांग्रेस कार्यालय में महिला से रेप किया

**आगरा।** आगरा में वकील ने अपनी महिला क्लाइंट को पिस्टल दिखाकर कांग्रेस कार्यालय में रेप किया। इसके बाद पीड़िता के घर पर जबरन आना शुरू कर दिया। धर्म परिवर्तन कराने और रोजे रखने का दबाव बनाने लगा। उसके घर में ही नमाज पढ़ने लगा।

जब पीड़ित महिला ने इसका विरोध किया तो उस पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोपी वकील के खिलाफ रेप सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। घटना शाहगंज थाना क्षेत्र की है। पुलिस का कहना है कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा है। आरोपी की अभी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

थाना शाहगंज क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित महिला ने बताया- जुलाई 2019 में भाइयों से मेरा विवाद हो गया था। इसके बाद मैं दीवानी कचहरी गई थी। वहां मेरी मुलाकात जलालुद्दीन से हुई।

जलालुद्दीन ने अपने आप को वकील बताया। मैंने जलालुद्दीन को अपनी समस्या बताई। जलालुद्दीन ने मेरी मदद करने का भरोसा दिया। जलालुद्दीन पुत्र स्व सिराजुद्दीन निवासी सगीर फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज परिसर अभी ताजगंज में रहता है।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर ।** बानपुर पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी,महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वाँछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस द्वारा थाना बानपुर पर पंजीकृत मु0अ0स0- 166/2025 धारा 137(2) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त रोहित पाल पुत्र मथुरा पाल उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम नयाखेड़ा थाना भगवां छतरपुर म0प्र0 को डगराना बस स्टैण्ड बहद ग्राम डगराना थाना बानपुर ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार कर, आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुये, माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है ।

# झांसी में स्कूल बस नहर में गिरी, 10 बच्चे घायल

## स्टेयरिंग फेल होने से हादसा हुआ, पेरेंट्स बोले- खटारा थी बस, जबरन चलाई

**झांसी।** झांसी में शनिवार दोपहर को स्टेयरिंग फेल होने से मिनी स्कूल बस नहर में पलट गई। इसमें 32 बच्चे सवार थे। जिनमें से 10 बच्चे और ड्राइवर घायल हो गए। सभी को मोंठ सीएचसी लाया गया। 7 बच्चों की हालत नाजुक होने पर उनको मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

गनीमत रही कि नहर में पानी नहीं था। हादसे के बाद आसपास के लोग दौड़कर पहुंच गए और शीशा तोड़कर बच्चों को तुरंत बाहर निकाल लिया। पेरेंट्स ने कहा- बस खटारा थी। दो दिन पहले ही जबरन चलाई गई। जो चलने लायक नहीं थी। हादसे के बाद जांच के आदेश दिए गए हैं।



चिरगांव के राष्ट्रकवि मैथलीशरण गुप्त विद्यापीठ विद्यालय की बस शनिवार दोपहर को 32 बच्चों को लेकर गांवों में छोड़ने जा रही थी। ड्राइवर वैदेहीशरण शर्मा ने बताया- सेमरी के बच्चों को छोड़कर लुधयाई, कारकोस गांव के बच्चों को छोड़ने जा रहा था। रास्ते में बस की स्टेयरिंग फेल हो गई। इसके बाद बस अनियंत्रित होकर सूखी नहर में पलट गई।

हादसे में लुधयाई निवासी अनुराग यादव (15) पुत्र बलवान यादव, मयंक (16) पुत्र प्रदीप, अनुराग यादव (12) पुत्र रंजीत यादव, लक्ष्य कुशवाहा (9) पुत्र धर्मेंद्र, कृष्णकांत सेन (16) पुत्र बालकिशुन, बृजपाल कुशवाहा (12) पुत्र मूलचरण, देव कुशवाहा (13) पुत्र शिशुपाल, ऋषि यादव (15) पुत्र संदीप, कारकोस निवासी जिगर पांचाल (14) पुत्र जितेंद्र, अनूप पाल (13) पुत्र राजेश पाल और ड्राइवर घायल हो गए। बच्चों को रेफर किया गया है।

### रोते बिलखते हुए पहुंचे परिजन

बस पलटने की सूचना कारकोर और लुधयाई गांव में पहुंची तो दोनों गांव के लोग दौड़ पड़े। काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और परिजन भी रोते बिलखते हुए अस्पताल आ गए। यहां बच्चों के हाथ-पैर टूटे और सिर फटे देखकर परिजन रोने बिलखने लगे। घटना के बाद एडीएम वरण पांडेय सीएचसी पहुंच गए। वहीं, एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति और सीएमओ डॉ. सुधाकर पांडेय मेडकिल कॉलेज पहुंचे और घायल बच्चों का हालजान जाना।

# नप अधिशासी अधिकारी ने वार्डों का निरीक्षण कर सुनीं लोगों की समस्याएं

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व उपजिलाधिकारी सदर मनीष कुमार के निर्देशन में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा वार्ड पार्षदों व टीम के साथ नगर के वार्ड नंबर 26 मुहल्ला महावीरपुरा, वार्ड नंबर 25 मुहल्ला चौबयाना व वार्ड नंबर 02 के मोहल्ला रैदासपुरा के तुलसीनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण वार्ड नंबर-26 मोहल्ला महावीरपुरा वार्ड नंबर 26 के पार्षद गिरीश पाठक सोनू द्वारा नालियों में गाटर के स्थान पर पत्थर लगवाने, शिव जी मंदिर के ऊपर सोलर पम्प



लगाये जाने, कठरया जी के मकान के गली दो वार्डों में पाई गई, जिसमें दोनों वार्डों के वासियों द्वारा कूड़ा आदि डाल दिया जाता है, जिस पर साफ सफाई व्यवस्था कराने एवं गली हेतु दीवार उठाने आदि के कहा गया, इसके उपरांत बद्रीप्रसाद शुक्ला के मकान के पास रोड़ पर नालियों में लगे गाटर की मरम्मत कराये जाने हेतु कहा गया। इसके बाद टीम द्वारा वार्ड नंबर 26 में स्थित नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी द्वारा कक्षा कक्षों को देखा गया, निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्या नमिता गुप्ता द्वारा बताया गया कि एक कक्षा कक्ष में बरसात के मौसम में पानी कर रिसाव होता है, खिड़किया आदि जीर्णशीर्ण हालत में है, जिस पर अधिशासी अधिकारी द्वारा अवर अभियंता खुशबू खान को निर्देशित किया गया कि कक्षा कक्ष में हो रहे रिसाव को तत्काल रूप से बंद कराया जाये।

# पत्नी का वीडियो कॉल उठाते ही, मौत

**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के हबूसा मोड़ पर हुए हादसे का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। हादसे में एक्सयूवी कार की भीषण टक्कर को साफ देखा जा सकता है। इस हादसे में कार ड्राइवर सहित ट्रैक्टर सवार बच्चे की मौत हो गई जबकि ट्रैक्टर ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। झूंसी के अंदावा गांव निवासी मनोज सिंह शारदा दीन लॉ कॉलेज के प्रबंधक हैं।

# डीएम व एसपी ने थाना मदनपुर का किया निरीक्षण

**ललितपुर ।** मदनपुर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना मदनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय , हवालात, आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये । मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया । थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । थाना स्तर पर भूमि विवाद रजिस्टर को समय-समय पर अध्यावधिक करना सुनिश्चित करें तथा ढ्ढत्रस्र पोर्टल पर लम्बित प्रार्थना पत्रों को 07 दिवस का अभियान चलाकर गुणवत्तापूर्ण व समयवद्ध निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये सूचना पर त्वरित



रूप से संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर उनका निस्तारण करें तथा उपरोक्त प्रकरण की सूचना पर उच्चाधिकारियों को देने हेतु निर्देशित किया गया ।थानाध्यक्ष को महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन थाना क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें ।

निकट भविष्य में पंचायती चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपराधियों पर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही कर उन्हे ज्यादा से ज्यादा धनराशि से पाबन्द कराने हेतु निर्देशित किया गया है ।

थाना स्थानीय पर पाक्सो एक्ट की लम्बित विवेचनाओं में अपहर्ता की सकुशल शीघ्र बरामदगी कर विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । आगामी त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति- व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

ऑपरेशन दृष्टि अभियान के तहत थानाध्यक्ष को थाना क्षेत्र में आमजन से संवाद कर मुख्य स्थानों, चौराहों, बाजारों व हॉटस्पॉट पर सीसीटीवी कैमरों का क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें, जिससे अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगा । पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी ,अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों की बरामदगी, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाये । किसी भी दशा में अवैध शराब /अवैध मादक पदार्थों की बिक्री न हो ।थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि बीट प्रणाली को मजबूत करने हेतु स्वयं बीट कर्मचारियों को उनके बीट क्षेत्रों में किये कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें ।

# कमिश्नर, डीआईजी, डीएम व एसपी ने परखी जनशिकायत निस्तारण प्रणाली

## अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निस्तारण कराने के दिये निर्देश

ललितपुर। शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पीड़ित को त्वरित न्याय और सुगम निस्तारण की प्राथमिकता पर शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जहां जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने जनपद की दूरस्त तहसील मड़ावरा पहुंचकर जनसुनवाई की और फरियादियों को भरोसा दिलाते हुए सम्बंधित



अधिकारियों से समस्या का मौके पर ही निस्तारण कराया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक ही शिकायत की बार-बार पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए, अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ शिकायकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बाल विवाह और स्कूल से वंचित बच्चों के बारे में भी चर्चा की, उन्होंने कहा कि बाल विवाह कई समस्याओं का एक प्रमुख कारण है, बच्चियों की छोटी उम्र में शादी होने से उनकी पढ़ाई छूट जाती है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। ये बच्चियां पढ़लिख कर देश के लिए बहुत कुछ कर सकती हैं, इसलिए बाल विवाह रोकने के लिए सभी जनपदवासी जिला प्रशासन का सहयोग करें और अपने बच्चों का नामांकन विद्यालयों में अवश्य करायें।

जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ तहसील परिसर में ही वन महोत्सव "एक पेड़ मॉ के नाम-2.0" अभियान के तहत वृक्षारोपण किया और जनपदवासियों को भी सघर वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर कोरियाई युवक भारी सुरक्षा वाली सीमा पार कर दक्षिण कोरिया पहुंचा

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की सेना ने बताया कि एक अज्ञात उत्तर कोरियाई व्यक्ति दोनों कोरियाई देशों को अलग करने वाली भारी सुरक्षा वाली सीमा को पार कर गया। अब वह दक्षिण कोरिया की हिरासत में है। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि सेना ने गुरुवार रात सैन्य सीमांकन रेखा के मध्य-पश्चिमी भाग के पास व्यक्ति की पहचान की और उसका पता लगाया। युवक को हिरासत में लिया गया है। अधिकारी सीमा पार करने की घटना की जांच कर रहे हैं।

### मिसाइलों और हथियारों के लिए ट्रंप से चर्चा करेंगे यूक्रेनी राष्ट्रपति

**कीव, एजेंसी।** रूस के साथ तीन साल से जारी जंग के बीच अमेरिका द्वारा हथियारों की खेप पर रोक लगाए जाने से यूक्रेन की मुसीबत बढ़ गई है। इसे देखते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत करेंगे। यह रोक जेलेंस्की के लिए बड़ा झटका है। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने जिस तरह से हथियारों की एक बड़ी खेप को देने से रोका है, उसके बाद दोनों नेताओं के बीच आपूर्ति शुरू किए जाने को लेकर बड़ी चर्चा हो सकती है। बता दें, अमेरिका ने यह निर्णय तब लिया है, जब जून में रूस ने यूक्रेन पर रिकॉर्ड 5,337 ड्रोन दागे हैं। यह एक महीने में सबसे बड़ा हवाई हमला है। अमेरिका की इस स्टॉक चेक नीति के कारण यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल, स्टिंगर सिस्टम, हेलफायर मिसाइल, औरएफ-16 से छोड़ी जाने वाली एआईएम मिसाइलें नहीं मिलेंगी।

### फिनलैंड में चाकूबाजी आतंकवाद-नस्लीय मामला नहीं

**टैम्पेरे, एजेंसी।** फिनलैंड के टैम्पेरे शहर में बृहस्पतिवार को एक मॉल के बाहर चाकू से हमला हुआ, जिसमें 4 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हमला आतंकवादी या नस्लभेद से जुड़ा नहीं है। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है और कहा है कि अब लोगों के लिए कोई खतरा नहीं है। हालांकि, हमलावर कौन था और उसने ऐसा क्यों किया, इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। घायलों की हालत कैसी है, यह भी अभी साफ नहीं हो पाया है। फिनिश पब्लिक ब्रॉडकास्ट येल ने बताया कि मॉल के बाहर खून के धब्बे साफ करने के लिए कर्मचारियों ने प्रेशर वॉशर का इस्तेमाल किया। एक रेस्टोरेंट के बाहर खून का बड़ा धब्बा दिखाई दिया और मॉल से बहकर खून पास की सड़क तक पहुंच गया। घटना के बाद पुलिस ने शुरू में टैम्पेरे के रतिना शॉपिंग मॉल के सभी दरवाजे बंद कर दिए थे और किसी को अंदर या बाहर जाने नहीं दिया गया। लेकिन शाम को पुलिस ने बताया कि अब लॉकडाउन हटा दिया गया है और वे मौके से जा चुके हैं।

### जर्मन ट्रेन में यात्री ने हथौड़े से चार लोगों को मारा

**बर्लिन, एजेंसी।** दक्षिणी जर्मनी में एक लंबी दूरी की ट्रेन में एक व्यक्ति ने बृहस्पतिवार को यात्रियों पर हथौड़े से हमला कर दिया। घटना में चार लोग मामूली रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान तीन सीरियाई- एक 15 वर्षीय लड़का, 24 और 51 वर्षीय दो पुरुषों के रूप में हुई है। इसके अलावा चौथा पीड़ित 38 वर्ष का है, जिसकी राष्ट्रीयता अभी तक ज्ञात नहीं है। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। जिसकी पहचान 20 वर्षीय सीरियाई नागरिक के रूप में हुई है। स्ट्रॉबिंग में पुलिस ने बताया कि यह हमला उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रेन उत्तरी जर्मनी के शहर हैम्बर्ग से ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना जा रही थी। ट्रेन बवेरिया राज्य के स्ट्रॉबिंग और प्लैटलिंग के बीच थी। पुलिस ने बताया कि हमले के समय ट्रेन में करीब 500 लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर करीब 150 पुलिस अधिकारी, अग्निशमन कर्मी और आपातकालीन कर्मचारी तैनात किए गए थे। रेलवे लाइन को बंद कर दिया गया है। हालांकि, पुलिस ने हमलावर के मकसद के बारे में जानकारी नहीं दी है।

### वे नाराज हो सकते हैं... ट्रंप का फोन उठाने के लिए बीच कार्यक्रम से उठकर गए पुतिन

**मॉस्को, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गुरुवार को एक अहम और लंबी टेलीफोनिक बातचीत हुई, जिसमें यूक्रेन युद्ध और ईरान समेत कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। लेकिन इस बातचीत से पहले कुछ ऐसा हुआ जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जब ट्रंप का फोन आया, तब पुतिन एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, लेकिन उन्होंने बातचीत को बीच में रोक दिया और ट्रंप से बात करने के लिए मंच से विदा ले ली। पुतिन ने मजाकिया लहजे में कहा कि ट्रंप को इंतजार कराना ठीक नहीं है। क्या पता अमेरिकी राष्ट्रपति नाराज हो जाएं। पुतिन ने कार्यक्रम के बीच में कहा, कृपया नाराज मत होइए, हम और भी बात कर सकते थे। लेकिन उन्हें (ट्रंप को) इंतजार कराना थोड़ा अजीब लगता है, वे नाराज हो सकते हैं। इस टिप्पणी के बाद दर्शकों में हंसी की लहर दौड़ गई और तालियां बजीं। यह घटना मॉस्को में आयोजित स्ट्रॉन्ग आइडियाज फॉर न्यू टाइम फोरम के दौरान हुई, जहां पुतिन एक पैनल चर्चा में हिस्सा ले रहे थे।

रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता दी

# ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश, तालिबान ने फैसले को बहादुरी भरा बताया

**काबुल/मॉस्को, एजेंसी।** अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिकारिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा गुरुवार को काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई। तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया है। मुत्ताकी ने बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में कहा, यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा। अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है।



**रूस बोला- मान्यता देने से द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा :** रूस के अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि जामिर काबुलोव ने रिया नोवोस्ती ने तालिबान सरकार को मान्यता देने की पुष्टि की। रूसी विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर कहा कि इस्लामिक अमीरात की सरकार को मान्यता देने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा। चीन, पाकिस्तान और ईरान जैसे कई देशों ने अपने-अपने यहां तालिबान राजनयिकों को तैनात कर रखा है, लेकिन अभी तक किसी ने भी तालिबान शासन को आधिकारिक मान्यता नहीं दी थी।

**आधिकारिक मान्यता मिलने के मायने क्या? :** जब एक देश दूसरे देश को आधिकारिक मान्यता देता है, तो वह उसे एक स्वतंत्र राष्ट्र मानता है। यानी उस देश की अपनी सरकार है, अपनी सीमा है और वह दुनिया के दूसरे देशों से रिश्ते बना सकता है। यह मान्यता 1933 की मोंटेवीडियो संधि जैसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर आधारित होती है। इसके लिए चार शर्तें होती हैं, स्थायी आबादी, सीमा, सरकार और विदेशों से संबंध बनाने की क्षमता। मान्यता मिलने से किसी देश को वैधता, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में जगह और दूसरे देशों से व्यापार व रिश्ते बनाने का मौका मिलता है।

**2021 में सत्ता पर काबिज हुआ था तालिबान :** तालिबान ने 15 अगस्त 2021 को काबुल के साथ ही पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। अमेरिका और भारत समेत अब तक किसी भी देश में तालिबान को अफगानिस्तान की सरकार के तौर पर मान्यता नहीं दी है। अफगानिस्तान लगातार दुनिया से उसे मान्यता देने की मांग करता रहा है। तालिबान के कार्यकारी रक्षा मंत्री मुल्लाह मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने एक इंटरव्यू में कहा था कि सरकार ने मान्यता हासिल करने के लिए सारी जरूरतों को पूरा किया है। इसके बावजूद अमेरिका के दबाव में आकर दूसरे देश हमें मान्यता नहीं दे रहे हैं।

**रूस ने 2003 में आतंकवादी संगठन घोषित किया था :** तालिबान की स्थापना 1994 में अफगानिस्तान के कंधार शहर में हुई थी। यह संगठन उन गुटों में शामिल था, जो 1989 में सोवियत सेना की वापसी के बाद अफगानिस्तान में सत्ता के लिए चल रहे गृहयुद्ध में शामिल थे। तालिबान के ज्यादातर सदस्य वही मुजाहिद्दीन थे, जिन्होंने अमेरिका की मदद से नौ साल तक सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध लड़ा और उसे पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस सहयोग की वजह से तालिबान को शुरुआत में अमेरिका का समर्थन भी मिला।

हालांकि, 1990 के दशक के अंत तक तालिबान की छवि बदलने लगी। 1999 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें कहा गया कि तालिबान दुनियाभर के आतंकी संगठनों को शरण और प्रशिक्षण दे रहा है। इसी के कुछ महीनों बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूएन के इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए तालिबान पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।

2003 में रूस की सुप्रीम कोर्ट ने तालिबान को आधिकारिक रूप से एक आतंकी संगठन घोषित कर दिया। रूस ने आरोप लगाया कि तालिबान के चेचन्या में सक्रिय अवैध संगठनों से संबंध हैं और वह मध्य एशिया के देशों उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान में अस्थिरता फैलाने की कोशिश कर रहा है। इसके बावजूद, 2017 में रूस ने कूटनीतिक पहल करते हुए अफगानिस्तान की तत्कालीन सरकार और तालिबान के बीच बातचीत की कोशिश की थी, ताकि देश में शांति स्थापित हो सके।

## कैसे होगा समझौता? गाजा में दो दिन में 300 लोगों की मौत, इजरायल के 26 हमले



**तेल अवीव, एजेंसी।** अमेरिका की ओर से इजरायल पर हमास के साथ समझौते के लिए दबाव बनाया जा रहा है। हमास भी कह रहा है कि सीजफायर कर लिया जाए। इसके साथ ही जंग को भी पूरी तरह समाप्त कर दिया जाए। लेकिन यह कैसे हो पाएगा? यह सवाल अब भी खड़ा है। इसकी वजह यह है कि इजरायल लगातार गाजा पर हमले कर रहा है। बीते दिनों में इजरायल ने ताबड़तोड़ 26 हमले गाजा पर किए हैं, जिनमें 300 लोग मारे गए हैं। अल जजीरा का दावा है कि इनमें 48 लोग तो ऐसे हैं, जो राहत सामग्री के इंतजार में खड़े थे और इसी दौरान हुए हमले में मारे गए।

शुक्रवार सुबह से ही 73 लोग मारे जा चुके हैं। यही नहीं कुछ हमलों में गाजा ह्यूमनटैरियन फाउंडेशन को भी निशाना बनाया गया, जिसे अमेरिका का भी समर्थन है। एक स्कूल में इमारत में शरण लिए अहमद मंसूर ने इन हमलों को लेकर बताया, हम सुबह उठे तो इजरायल के तेज हमले जारी थे। ऐसा लगा कि जैसे भूकंप ही आ गया है। लोगों का कहना था कि यह शायद ड्रोन अटैक है और फिर दूसरा हमला कहीं ज्यादा तेज था। मिसाइलें बहुत खतरनाक थीं और जहां भी गिरीं वहां सब कुछ खाक हो गया। खतरनाक आग लग रही थी। ऐसे भी कई लोग थे, जो इन हमलों की आग में झुलस गए और घंटों तक तड़पते रहे।इसके अलावा एक टेंट में हुए हमले में 13 लोग मारे गए थे, जो दक्षिण गाजा के अल-मवासी में ठहरे हुए थे। यही नहीं मुस्तफा हाफिज स्कूल में भी 16 लोगों की मौत हो गई। यहां पर बड़ी संख्या में गाजा पश्चिम से आए शरणार्थी ठहरे हुए हैं। बता दें कि अमेरिका ने इजरायल को सलाह दी है कि वह 60 दिनों का सीजफायर हमास के साथ कर ले।

## डोनाल्ड ट्रंप की बड़ी जीत, 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' अमेरिकी संसद से हुआ पास

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का चर्चित 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' गुरुवार देर रात पास हो गया. ट्रंप के इस महत्वाकांक्षी विधेयक को देश की संसद से अंतिम मंजूरी मिल गई है. 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से 218-214 के अंतर से पास हो गया है. 218 सांसदों ने बिल का समर्थन किया वहीं 214 सांसदों ने इस विधेयक के खिलाफ वोट डाले. सदन ने जैसे ही इस टैक्स विधेयक को अंतिम मंजूरी दी, बिल को हस्ताक्षर के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास भेज दिया गया. इस बिल का पास होना ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है.इस विधेयक को सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से पारित होने के बाद अब राष्ट्रपति के साइन के लिए भेज दिया गया है. वहीं, विधेयक पर मतदान के दौरान दो रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर डेमोक्रेटिक पक्ष में मतदान किया. इस बिल के पास होने से ट्रंप की कई प्रमुख नीतियों को कानूनी ताकत मिल गई, जिनमें मास डिपोर्टेशन (बड़ी संख्या में प्रवासियों को वापस भेजना), सेना और बॉर्डर सिक्योरिटी पर ज्यादा खर्च, और पहले कार्यकाल की टैक्स छूट को आगे बढ़ाना शामिल हैं. विधेयक के पारित होने के बाद व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार (4 जुलाई) शाम 5 बजे अपने बड़े कर छूट और व्यय कटौती विधेयक पर साइन करने की योजना बना रहे हैं.

## भारतीय मूल के व्यक्ति ने प्लेन में यात्री का गला दबाया, अमेरिका में गिरफ्तार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल के एक व्यक्ति को फिलाडेल्फिया से मियामी की फ्लाइट के दौरान अपने साथ बैठ एक पैसेंजर पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. वायरल हो रहे एक वीडियो में नेवार्क निवासी 21 वर्षीय ईशान शर्मा और कीनू इवांस 30 जून को फ्रंटियर एयरलाइंस की फ्लाइट के दौरान लड़ते दिख रहे हैं. वायरल क्लिप में दिख रहा है कि ईशान शर्मा और इवांस एक-दूसरे की गर्दन पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि साथी यात्री उन्हें रुकने के लिए कह रहे हैं.



इवांस ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि हमला बिना किसी कारण किया गया और तब हुआ जब ईशान शर्मा कथित तौर पर उनके पास आया और अपनी सीट पर लौटते समय उसकी गर्दन पकड़ ली.

इवांस ईशान शर्मा से एक सीट आगे बैठे थे. उन्होंने बताया, वह (ईशान) कुछ डार्क हंसी हंस रहा था, जैसे हा हा हा हा हा. और वह ऐसी बातें कह रहा था, अरे तुच्छ, नश्वर आदमी, यदि तुम मुझे चुनौती देते हो, तो इसका परिणाम तुम्हारी मृत्यु होगी.इवांस ने दावा किया कि इसके बाद उन्होंने वॉशरूम जाने के लिए अपनी सीट छोड़ दी और फ्लाइट अटेंडेंट को ईशान शर्मा के बारे में बताया. फ्लाइट अटेंडेंट ने उनसे कहा कि अगर ऐसा आगे भी जारी रहा तो सहायता बटन दबा दें.

इवांस ने कहा कि जब शर्मा उन्हें जान से मारने की धमकी देते रहे तो उन्होंने बटन दबाया.उन्होंने कहा कि इसके बाद स्थिति बिगड़ गई. आप जानते हैं, वह मुझे बहुत गुस्से से देख रहा था और हम एक-दूसरे की आंखों में आंखें डालकर देख रहे थे, माथे से माथे टच थे, और फिर उसने मेरा गला पकड़ लिया और मेरा गला घोंटना शुरू कर दिया. उस पल में, आप जानते हैं, लड़ाई हो जाती है. मैं एक फ्लाइट में एक तंग, सीमित जगह में हूं, और मैं बस अपना बचाव कर सकता हूं.

ईशान शर्मा को फ्लाइट उतरने पर हिरासत में ले लिया गया और उन पर मारपीट की धारा लगी है. मंगलवार को अदालत में पेशी के दौरान, ईशान शर्मा के वकील ने कथित तौर पर दावा किया कि यह घटना इसलिए शुरू हुई क्योंकि वह ध्यान कर रहे थे. एक न्यूज आउटलेट के अनुसार उनके वकील ने कहा, मेरा मुवक्किल उस धर्म से है जहां वह ध्यान कर रहा था. दुर्भाग्य से, उसके पीछे वाले यात्री को यह पसंद नहीं आया.

**पीड़ित का दावा-बिना किसी उकसावे के हमला :** पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, इवांस ने बताया कि यह हमला बिना किसी उकसावे की कार्रवाई के बावजूद हुआ। पीड़ित ने कहा कि शर्मा उनके पास अपनी सीट पर वापस लौटते हुए आए और अचानक उनका गला पकड़ लिया। इवांस ने 7हद्द2ह्य को बताया, वह एक अजीब हंसी हा हा हा हा कर रहा था... और कह रहा था, तुम छोटे और नश्वर इंसान, अगर तुम मुझे चुनौती दोगे तो तुम्हारी मौत होगी। इवांस ने कहा कि वह शर्मा के ठीक सामने बैठे थे। अन्य यात्रियों द्वारा फिल्माए गए वीडियो में दोनों के बीच विमान के अंदर हुई मारपीट देखी जा सकती है।

**झगड़े की वजह क्या थी? :** इवांस ने कहा कि शर्मा के उदासीन व्यवहार को देखकर वे पहले से ही चिंतित थे और उन्होंने टॉयलेट का इस्तेमाल करते समय फ्लाइट अटेंडेंट्स को सूचना दी थी। उन्हें सलाह दी गई थी कि स्थिति बिगड़ने पर सहायता बटन दबाएं। जब शर्मा की धमकियां जारी रहीं, तो इवांस ने उस सलाह के अनुसार सहायता बटन दबाया, जिससे स्थिति बढ़ गई। इवांस ने कहा, वह गुस्से में मुझसे सामना कर रहा था, माथा से टक्कर मार रहा था और अचानक उसने मेरा गला पकड़ लिया और मुझे घुटन देने लगा। उस समय मेरी सहज प्रतिक्रिया हुई, लड़ो या भागो और मेरे पास उस संकरे स्थान में खुद की रक्षा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

## कराची में जून महीने में 60 बार कांपी धरती, लोगों में दहशत, आपदा के साये में काट रहे रातें

**कराची, एजेंसी।** इन दिनों पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लोगों की रातें आपदा के साये में कट रही हैं। पाकिस्तान के प्रमुख शहरों में शुमार कराची में जून महीने में 60 बार धरती कांप चुकी है। यहां जून में आए भूकंप के झटके भले ही कम तीव्रता वाले रहे हों, लेकिन लोगों में दहशत बढ़ गई है। कराची के मेयर मुर्तजा वहाब का कहना है कि दो से 22 जून के बीच आए लगातार भूकंप के झटकों के बाद लोग बेचैन हैं। उनको आपदा का डर सता रहा है।



पाकिस्तान के मौसम विभाग का कहना है कि कराची में कम तीव्रता वाले भूकंप के 33 झटके मलीर के नजदीकी इलाकों में दर्ज किए गए। इसके अलावा कायदाबाद, लांधी, गदप, डीएचए सिटी और डीएचए कराची और कोरंगी में भी धरती कांपी। दो जून को कम से कम 10 बार भूकंप के झटके आए। जबकि इसके अगले दिन एक दर्जन झटके महसूस किए गए। वहीं तीन तीव्रता से अधिक वाले छह भूकंप 22 जून को दर्ज किए गए। लांधी में एक कपड़ा फैक्टरी में काम करने वाले जहीर उल हसन ने कहा कि हम जानते हैं कि हमें कैसा महसूस हुआ। हम जमीन को हिलता हुआ महसूस कर सकते थे और हमें कुछ बुरा होने की आशंका थी, लेकिन कुछ सेकंड के बाद झटके कम हो गए। जब इतने सारे झटके आते हैं तो जाहिर है कि आप तनाव बढ़ता है।

लांधी में रहने वाले फैजान कादरी कहते हैं कि दो से 22 जून के बीच उन्होंने कम से कम 40 भूकंप के झटके महसूस किए हैं। लगातार आ रहे भूकंप के झटकों ने लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। मलीर निवासी निगहत खान ने कहा कि हर बार जब भी भूकंप आता था, चाहे दिन हो या रात, हम अपने परिवार के साथ घरों से बाहर निकल आते थे और मदद के लिए प्रार्थना करते थे।

मुख्य मौसम विज्ञानी अमीर हैदर लेघारी और समुद्री भूविज्ञानी आसिफ इनाम ने पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर और वित्तीय केंद्र कराची में बड़े भूकंप की संभावना को कम कर दिया है। लेघारी और इनाम ने माना कि इतनी लंबी अवधि तक कम तीव्रता वाले भूकंपों का आना असामान्य है। उन्होंने कहा कि तटीय शहर कराची कई सक्रिय और निष्क्रिय फॉल्ट लाइनों के करीब है। हाल की भूकंपीय घटनाएं क्षेत्र की प्राकृतिक टेक्टोनिक हलचलों से हुई हैं।

## बांग्लादेश में लागू करेंगे शरीयत कानून, फैजुल करीम ने किया तालिबान जैसा शासन लाने का ऐलान

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की कट्टरपंथी इस्लामी संगठन जमात-चर मोंई के प्रमुख पिर मुफ्ती सैयद मुहम्मद फैजुल करीम ने एक इंटरव्यू में स्पष्ट रूप से घोषणा की है कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह देश में तालिबान शासित अफगानिस्तान की तर्ज पर शरीयत कानून लागू करेंगे। अमेरिका स्थित बंग्ला मीडिया संस्था ठिकाना न्यूज के संपादक खालिद मुहीउद्दीन को दिए गए इंटरव्यू में फैजुल करीम ने कहा, अगर राष्ट्रीय चुनाव जीतकर सरकार बनी तो इस्लामिक मूवमेंट बांग्लादेश देश में शरीयत कानून लागू करेगा।

फैजुल करीम ने अफगानिस्तान के वर्तमान शासन प्रणाली की सराहना करते हुए कहा, हम अफगानिस्तान की शासन प्रणाली को अपनाएंगे। तालिबान सरकार ने जो अच्छा किया है, उसे लागू करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सत्ता में आए तो हिंदुओं समेत सभी अल्पसंख्यकों को शरीयत के तहत अधिकार दिए जाएंगे।

फैजुल करीम ने यह भी कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और रूस जैसे देशों की कुछ अच्छी बातें होंगी तो उन्हें भी अपनाया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह कहा कि वे शरीयत के विरोध में नहीं हों।

जमात-चर मोंई जैसे संगठनों का खुलेआम चुनाव लड़ने और शरीयत लागू करने की बातें करना यह दर्शाता है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के दौरान



इस्लामी कट्टरपंथी संगठन राजनीतिक रूप से सक्रिय हो रहे हैं। बांग्लादेश में हाल ही में सत्ता परिवर्तन हुआ है, जहां पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को छात्रों के आंदोलन के बाद अपदस्थ किया गया था और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनाई गई है।

हालांकि करीम ने आश्वासन दिया कि अल्पसंख्यकों को शरीयत के तहत अधिकार मिलेंगे, लेकिन तालिबान जैसे शासन मॉडल के उदाहरण को देखते हुए यह बयान अल्पसंख्यकों के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि ऐसी विचारधारा देश की धर्मनिरपेक्षता, महिला अधिकारों और न्याय व्यवस्था को कमजोर कर सकती है।

## विश्वसनीय गारंटी के बिना किसी वार्ता का कोई मतलब नही, ईरान ने ट्रंप के साथ वार्ता के लिए रखी शर्त

**तेहरान, एजेंसी।** परमाणु संवर्धन के मुद्दे पर अमेरिका और इस्राइल से टकराव और फिर संघर्ष विराम के बाद भले ही मध्य एशिया में कुछ तनाव कम हुआ हो लेकिन ईरान साफ कर दिया है कि वह बिना किसी विश्वसनीय गारंटी के किसी से भी कोई वार्ता नही करेगा। ईरान ने कहा है कि अमेरिका के साथ कोई भी वार्ता प्रक्रिया तब तक बेकार है जब तक कि वाशिंगटन इस्राइल और अमेरिका द्वारा भविष्य में आक्रामक कृत्यों को रोकने के लिए गारंटी नहीं देता है।

भारत में ईरान के राजदूत इराज इलाही ने अमेरिका के साथ फिर से वार्ता शुरू करने के लिए तेहरान की शर्तों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जहां तक अमेरिका के साथ वार्ता का सवाल है, ईरान पर अवैध हमले करने में उनके कूटनीतिक विश्वासघात और जायोनी शासन के साथ मिलीभगत को देखते हुए किसी भी वार्ता का तब तक कोई अर्थ नहीं है, जब तक कि वे भविष्य के लिए अमेरिका और इस्राइल द्वारा इस तरह के आक्रामक कृत्यों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए विश्वसनीय गारंटी नहीं देते हैं।

इलाही ने कहा कि इस्राइल के पास परमाणु हथियार हैं और उसने परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, उसने ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के बहाने हमारे देश पर हमला किया। उन्होंने आगे अमेरिका पर भी हमला किया। भारत में ईरानी राजदूत ने कहा कि अमेरिकी हमलों का कोई कानूनी औचित्य नहीं था। उन्होंने इसे आक्रामकता का अपराध बताया। इसके अलावा, उन्होंने यह भी दावा किया कि ऑपरेशन में साइबर और आतंकवादी तत्व शामिल थे। इलाही ने कहा कि इस्राइली और अमेरिकी हमले संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2, पैराग्राफ 4, परमाणु



अप्रसार व्यवस्था, आईएईए बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के प्रस्तावों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2231 का घोर उल्लंघन है।

राजदूत ने अमेरिका और इस्राइल पर कूटनीति को कमजोर करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका की मिलीभगत के बाद इस्राइल ने हमले ठीक तब किए जब ईरान-अमेरिका के बीच छठे दौर की वार्ता को सिर्फ दो दिन बचे थे। यह कूटनीति के साथ विश्वासघात था। साथ ही इन हमलों ने दिखा दिया कि वार्ता के लिए अमेरिका बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। इस दौरान इस्राइल के आरोपों को लेकर कि इस्राइल अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है, पर कहा कि यह दावा पूरी तरह से निराधार है। अंतरराष्ट्रीय कानून में इसका कोई आधार नहीं है। ईरान ने अपने इतिहास में कभी किसी देश पर हमला नहीं किया है। भले ही हम इस्राइल को मान्यता नहीं देते हैं और इसे एक कब्जा करने वाले शासन के रूप में देखते हैं।

परमाणु मुद्दे पर ईरानी राजदूत ने कहा कि ईरान का कार्यक्रम शांतिपूर्ण बना हुआ है। आईएईए की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की परमाणु गतिविधियां शस्त्रीकरण का उद्देश्य नहीं दिखाती हैं। ऐसे में शांतिपूर्ण सुविधाओं पर हमला करने के लिए इजरायल और अमेरिका द्वारा दिया गया औचित्य अवैध और अतार्किक दोनों है।

हाल ही में अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। इन हमलों का मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बड़ा झटका देना था। हालांकि, अमेरिकी रक्षा एजेंसियों की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का मेटल कन्वर्जन प्लांट जरूर तबाह हुआ है, लेकिन बाकी ढांचे को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सका।

**ईरान में 935 लोग मारे गए :** इस्राइल के साथ हाल में करीब दो हफ्तों तक चले संघर्ष में 900 से ज्यादा नागरिकों की मौत हो गई थी। इनमें सौ से ज्यादा महिलाएं भी शामिल थीं। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बताया कि मारे गए 935 लोगों में से 38 बच्चे और 132 महिलाएं थीं।

# शुभमन गिल का रिकॉर्ड शतक, सिराज-आकाशदीप ने बरसाया कहर

नई दिल्ली। कप्तान शुभमन गिल की रिकॉर्ड पारी के बाद गेंदबाजों के दम पर भारतीय क्रिकेट टीम ने एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में जीत की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं। गिल के दूसरी पारी में बनाए गए 161 रनों के दम पर भारत ने इंग्लैंड को 608 रनों का टारगेट दिया। चौथे दिन शनिवार का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने अपने तीन विकेट खोकर 72 रन बना लिए हैं।

स्टम्प्स तक ओली पोप 24 और हैरी ब्रूक 165 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड की टीम अभी टारगेट से 536 रन पीछे है। भारत ने अपनी पहली पारी में 587 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 407 रन बनाए। दूसरी पारी में टीम इंडिया 180 रनों की बढ़त के साथ उतरी। मेहमान टीम ने छह विकेट के नुकसान पर 427 रनों के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी।

### गिल का रिकॉर्ड शतक

भारत ने चौथे दिन की शुरुआत एक विकेट के नुकसान पर 64 रनों के साथ की थी। करुण नायर ने सात और केएल राहुल ने 28 रनों से अपनी-अपनी पारियों को आगे बढ़ाया। नायर एक बार फिर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए। उन्हें बायडर्न कार्स ने आउट किया। नायर ने 46 गेंदों पर 26 रन बनाए जिसमें पांच चौके शामिल रहे। राहुल अर्धशतक पूरा करने के बाद जोश टंग की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 84 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 55 रन बनाए। इसके बाद गिल और ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के गेंदबाजों पर प्रहार किए। दोनों ने शतकीय साझेदारी की।

पंत तो 58 गेंदों पर 65 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन गिल ने अपना जलवा दिखाया और तूफानी बैटिंग की। उन्होंने शतक पूरा किया और इसी के साथ अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज कर दिया। गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाए थे। वह एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक और शतक जमाने वाले दुनिया के नौवें और भारत के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले सुनील गावस्कर इस लिस्ट में इकलौते भारतीय थे। इसके अलावा वह एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। पंत के बाद आए रवींद्र जडेजा ने भी गिल का साथ दिया। दोनों ने एक और शतकीय साझेदारी की। इस बीच गिल 150 का स्कोर पार कर चुके थे और जमकर बल्ला भांज रहे थे। तभी बशीर की एक गेंद उछाल लिया जिस पर गिल चकमा खा गए और बशीर ने ही उनका कैच लपका। भारतीय कप्तान ने 162 गेंदों का सामना किया और 13 चौके, आठ छक्कों की मदद से 161 रनों की पारी खेली। गिल के जाने के बाद नीतिश कुमार रेड्डी एक रन बनाकर आउट हो गए।

वॉशिंगटन सुंदर 12 रन बनाकर आउट हुए और इसी के साथ भारत ने पारी घोषित कर दी। जडेजा 118 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 69 रन बनाकर नाबाद रहे।



### भारतीय गेंदबाजों का जलवा

इंग्लैंड के सामने 608 रनों की चुनौती थी। मेजबान टीम जानती थी कि जो समय उसके पास है उसमें ये लक्ष्य हासिल करना नामुमकिन है। वह मैच ड्रॉ कराने के लिए खेलने उतरी। हालांकि, भारतीय गेंदबाजों ने उसके इस सपने पर भी संकट खड़ा कर दिया है। जैक क्रॉली को मोहम्मद सिराज ने पवेलियन भेज भारत को पहली सफलता दिलाई। उनका विकेट 11 के कुल स्कोर पर गिरा। 30 के कुल स्कोर पर आकाशदीप की बेहतरीन इनस्विंग ने बेन डकेट को पवेलियन भेज दिया। आकाशदीप की एक और खूबसूरत गेंद जो रूट के डंडे ले उड़ी जिसे देख इंग्लैंड का दिग्गज बल्लेबाज भी हैरान हो गया। डकेट ने 25 तो रूट ने छह रन बनाए।

# भारत के खिलाफ इंग्लैंड की महिला टीम को लगा झटका, इंग्लिश कप्तान सिवर-ब्रंट चोट के कारण सीरीज से बाहर




लंदन (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम मौजूदा समय में इंग्लैंड दौरे पर हैं। जहां वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। इस सीरीज के बीच में इंग्लिश टीम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम की कप्तान चोट के कारण बाकी बचे हुए मैचों से बाहर हो गई है।

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम को भारत के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20 सीरीज में बड़ा झटका लगा है। टीम की कप्तान नैट सिवर ब्रंट चोट के चलते सीरीज से बचे हुए मैचों से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह हैम्पशर की प्रतिभाशाली बल्लेबाज माइया बाउचर को टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सिवर- ब्रंट की कमर में चोट के कारण वह सीरीज से बाहर हो गई हैं। हालांकि, उम्मीद है कि वह आगामी वनडे सीरीज के लिए पूरी तरह से फिट हो जाएंगी।

सीरीज में 2-1 से पीछे चल रही इंग्लिश टीम के लिए ये खबर किसी बड़े झटके से कम नहीं है। सिवर-ब्रंट ने पहले दो टी20 मैचों में कप्तानी की थी लेकिन भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया हालांकि, तीसरे मैच में भारतीय टीम को हार झेलनी पड़ी। ब्रंट तीसरे टी20 मैच में भी नहीं खेली थी उनकी जगह टैमी ब्यूमोंट ने टीम की अगुवाई की थी। अब बाकी बचे दो मैचों में भी टैमी ब्यूमोंट ही कप्तानी संभालेंगी।

# वैभव सूर्यवंशी बल्ले से मचा रहे कहर, इंग्लैंड के खिलाफ इतनी कम गेंदों में शतक ठोक कर रच दिया इतिहास



लंदन (एजेंसी)। वॉर्सेस्टर में भारत और इंग्लैंड की अंडर-19 टीम के बीच वनडे सीरीज का चौथा मुकाबला खेला जा रहा है। इस मुकाबले में भारत के युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने महज 52 गेंदों में 10 चौकों और 7 छक्कों की मदद से शतक पूरा किया। ये अंडर-19 क्रिकेट के इतिहास में अब तक का सबसे तेज शतक है।

वैभव ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे मैच में अपना अर्धशतक सिर्फ 24 गेंदों में पूरा किया और इसके बाद उन्होंने अपना शतक 52 गेंदों में लगाया। अपनी शतकीय पारी के दौरान वैभव के बल्ले से 8 छक्के और 10 चौके निकले। वैभव यूथ वनडे में भारत की तरफ से सबसे तेज शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में वैभव 86 रन पर आउट हो गए थे। शतक से चूक गए थे, लेकिन चौथे मैच में उन्होंने इस कसर को पूरा कर लिया और अपना शतक जड़ा। 14 वर्षी वैभव का यूथ वनडे मैचों में ये करियर का पहला शतक रहा। वैभव ने इस मैच में 78 गेंदों पर 143 रन की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने 10 छक्के और 13 चौके लगाए। इस पारी के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 183.33 का रहा।

# भारत आखिरी ओवर में चूका, इंग्लैंड ने 5 रन से जीता तीसरा टी20

लंदन (एजेंसी)। केनिंग्टन ओवल में शुक्रवार रात भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की महिला टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम के पास ऐतिहासिक सीरीज जीतने का मौका था, मगर आखिरी ओवरों में बल्लेबाजों के लड़खड़ाने से भारत 5 रन से हार गया। भारत अभी इस सीरीज में 2-1 से आगे है। खेले गए तीसरे टी20 मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और सोफिया डंकले (75) और डैनी व्याट-हॉज (66) की तूफानी साझेदारी से 137 रन जोड़े। इस जबरदस्त शुरुआत के बावजूद इंग्लैंड की पारी 20 ओवर में 9 विकेट पर 171 रन पर सिमट गई। 25 गेंदों में 31 रन के भीतर नौ विकेट गिरने से उनकी पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गई। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने 3/27 और अरुंधति रेड्डी ने 3/32 के आंकड़े दर्ज किए।




लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत भी धमाकेदार रही। स्मृति मंधाना (56) और शेफाली वर्मा (47) ने कई जीवनदानों का फायदा उठाकर पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े। शेफाली ने 25 गेंदों में सात चौके जड़े और मंधाना ने 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत पावरप्ले में 61 रन बना चुका था और 16वें ओवर तक मुकाबला पूरी तरह उसकी पकड़ में था। मगर लॉरेन फाइलर ने 16वें ओवर में मंधाना को आउट कर भारत की गति तोड़ी। इसके बाद इंग्लैंड की गेंदबाजों ने वापसी की। सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन बेल और इस्सी वोंग ने दबाव बनाए रखा। भारत को आखिरी गेंद पर 6 रन चाहिए थे, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर (23) बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हो गईं और टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 166 रन ही बना सकी।

इंग्लैंड के लिए फाइलर ने 2/30 का शानदार स्पेल किया और अंतिम ओवरों में बेल ने अहम विकेट लेकर इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित कर दी। मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा कि 16वें ओवर तक मैच उनके हाथ में था, लेकिन ओस के असर और रणनीति में कमी से टीम चूक गई। उन्होंने गेंदबाजों और फील्डर्स की तारीफ की और माना कि विपक्ष की अच्छी शुरुआत के बावजूद टीम ने शानदार वापसी की। इंग्लैंड की पारी में डंकले ने सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि व्याट-हॉज ने सात चौके और तीन छक्के जड़े। भारतीय गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में शानदार वापसी कर इंग्लैंड को संभलने नहीं दिया। अब भारत की नजर मैनचेस्टर में बुधवार को होने वाले चौथे मुकाबले पर होगी, जहां जीत हासिल कर वह ऐतिहासिक सीरीज अपने नाम करना चाहेगा।

# अस्ताना में विश्व मुक्केबाज़ी कप में भारत की पदक झोली में बढ़ोतरी

## -नूपुर फाइनल में, अविनाश सेमीफाइनल में पहुंचे

अस्ताना। कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में चल रहे विश्व मुक्केबाज़ी कप में भारत ने अपने पदकों की संख्या बढ़ा ली है और मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। महिलाओं के 80 किलोग्राम वर्ग में भारत की नूपुर ने सेमीफाइनल में जबरदस्त खेल दिखाते हुए तुर्की की सेमा दुस्ताज को 5-0 के एकतरफा फैसले से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। उनके इस जीत के साथ भारत को कम से कम एक रजत पदक सुनिश्चित हो गया है। नूपुर के आत्मविश्वास और आक्रामक रणनीति ने पूरे मुकाबले में विरोधी को कोई मौका नहीं दिया और उन्होंने जजों से सर्वसम्मत फैसला हासिल किया। इससे पहले शुक्रवार को पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में अविनाश जामवाल ने भी अपने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर भारत के लिए एक और पदक पक्का किया। उन्होंने अमेरिका के रेने कैमाचो को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अविनाश का मुकाबला भी पूरी तरह उनके नियंत्रण में रहा और उनकी सटीक पंचों और बेहतरीन डिफेंस का प्रतिद्वंद्वी के पास कोई जवाब नहीं था। हालांकि कुछ भारतीय मुक्केबाज़ों का सफर क्वार्टर फाइनल में थम गया। नीरज फोगाट (65 किग्रा) और अनामिका (51 किग्रा) अपने-अपने मुकाबलों में हार गए। नीरज ने कड़े मुकाबले में शानदार संघर्ष किया लेकिन विभाजित निर्णय में 3-2 से पराजित हो गए, जिससे उनका अभियान समाप्त हो गया।

# लंबे समय से इस दिन का इंतजार था : सिराज

नई दिल्ली। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में अपने करियर का यादगार प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में 6 विकेट लेकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। यह खास उपलब्धि सिराज के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि उन्होंने 548 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट की किसी एक पारी में पांच या उससे ज्यादा विकेट चटकाए। अपने इस प्रदर्शन को उन्होंने 'अविश्वसनीय' करार देते हुए कहा कि वे लंबे समय से इस दिन का इंतजार कर रहे थे। सिराज इस मैच में भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई कर रहे हैं क्योंकि नियमित कप्तान और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस मुकाबले के लिए आराम दिया गया है। सिराज ने तीसरे दिन शानदार गेंदबाजी करते हुए पहले सत्र में ही इंग्लैंड की आधी टीम को महज 84 रन पर पवेलियन लौटा दिया।




उन्होंने दिन के दूसरे ओवर में लगातार दो विकेट झटके और मैच का रुख पलट दिया। हालांकि इसके बाद इंग्लैंड के बल्लेबाज जेमी स्मिथ (नाबाद 184) और हैरी ब्रूक (158) ने 303 रन की जबरदस्त साझेदारी करके भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया और स्कोर को 407 रन तक पहुंचा दिया। सिराज ने कहा कि इस पिच पर गेंदबाजी करना आसान नहीं था क्योंकि विकेट धीमी थी। उन्होंने कहा, यह अविश्वसनीय है क्योंकि मैं लंबे समय से इसका इंतजार कर रहा था। मैं लगातार अच्छी गेंदबाजी कर रहा था, लेकिन विकेट नहीं मिल रहे थे। यहां छह विकेट लेना मेरे लिए बहुत खास है। विकेट काफी धीमी थी, इसलिए अनुशासन बनाए रखना जरूरी था। मेरा ध्यान कसी हुई लाइन लेंथ के साथ गेंदबाजी करने और रन रोकने पर था।

# 6 विकेट सिराज की मेहनत का इनाम हैं : सचिन

## -शिराज की घातक गेंदबाज़ी पर फिदा हुए तेंदुलकर




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारतीय गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाज़ी करके मैच का पूरा नक्शा बदल दिया। मोहम्मद सिराज ने 70 रन देकर छह विकेट चटकाकर इंग्लैंड की मजबूत पारी की कमर तोड़ दी, जबकि आकाश दीप ने 88 रन देकर चार विकेट लेकर उनका शानदार साथ दिया। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 407 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में भारत ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 64 रन बनाकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली।

सिराज के इस धमाकेदार प्रदर्शन पर महान बल्लेबाज मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर भी उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए। सचिन ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा, ÷सिराज में मैंने जो सबसे बड़ा बदलाव देखा है, वह है गेंद को सही जगह पर पहुंचाने में उनकी सटीकता और निरंतरता। उनकी मेहनत का इनाम उन्हें 6 विकेट के रूप में मिला। आकाश दीप ने भी उनका बहुत अच्छा साथ दिया। शाबाश !÷ सचिन ने इंग्लैंड की पारी में ब्रुक और स्मिथ की साझेदारी की भी तारीफ की, जिन्होंने दबाव में रहते हुए बेहतरीन जवाबी हमला किया और अपनी टीम को भारत के स्कोर के करीब पहुंचा दिया, जिसकी किसी ने उम्मीद भी नहीं की थी।

मैच की बात करें तो तीसरे दिन इंग्लैंड की पारी में उतार-चढ़ाव खूब देखने को मिले। इंग्लैंड के ब्रुक और स्मिथ ने मुश्किल हालात में शानदार बल्लेबाज़ी की और भारतीय गेंदबाज़ों पर दबाव बनाया। लेकिन सिराज और आकाश दीप ने लगातार सही लाइन-लेंथ पर गेंदबाज़ी करते हुए इंग्लैंड के मिडिल और निचले क्रम को ध्वस्त कर दिया। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में सिराज ने गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करते हुए दिखा दिया कि भारतीय गेंदबाजी सिर्फ एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है। उनकी अगुआई में गेंदबाजों ने मिलकर इंग्लैंड की पूरी पारी 407 रन पर समेट दी।

दूसरी पारी में भारत ने ठोस शुरुआत की और पहले दिन के खेल के खत्म होने तक एक विकेट पर 64 रन बना लिए थे। इससे भारत ने मैच में अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि भारत चौथे दिन अपनी बढ़त को कितनी मजबूती दे पाता है और क्या सिराज दूसरी पारी में भी इसी तरह का शानदार प्रदर्शन दोहरा पाएंगे। भारतीय प्रशंसक उम्मीद कर रहे हैं कि सिराज की अगुवाई में गेंदबाज फिर से कमाल दिखाएंगे और टीम को जीत दिलाएंगे।

# पाक टीम के कोच की मैकडरमॉट संभालेंगे जिम्मेदारी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी शेन मैकडरमॉट को पाकिस्तान ने अपनी राष्ट्रीय टीम का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। पाकिस्तान के नए व्हाइट-बॉल हेड कोच माइक हेसन की सिफारिश पर उन्हें चुना गया है। वह सभी प्रारूपों में यह जिम्मेदारी निभाएंगे और उनके दौरे से पहले टीम से जुड़ने की उम्मीद है। इस सप्ताह के अंत तक उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा हो सकती है। 44 वर्षीय मैकडरमॉट के पास अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में कोचिंग का लंबा अनुभव है। वह हाई परफॉर्मेंस लेवल थ्री कोचिंग सर्टिफिकेट धारक हैं और बांग्लादेश, श्रीलंका, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन और क्रिकेट तस्मानिया जैसी टीमों के साथ काम कर चुके हैं। 2022-23 में वह बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम के सहायक फील्डिंग कोच रहे लेकिन तत्कालीन हेड कोच चंदिका हथुरूसिंघे के साथ मतभेदों के चलते उनका कार्यकाल खत्म हो गया। इससे पहले मैकडरमॉट ने श्रीलंका की सीनियर पुरुष टीम के साथ तीन साल तक फील्डिंग कोच की भूमिका निभाई और वहां श्रीलंका ए टीम की कमान भी संभाली। बांग्लादेश के बाद वह अफगानिस्तान के कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए और हाल ही में जून 2024 में खेले गए आईसीसी टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की ऐतिहासिक सेमीफाइनल यात्रा में उनके योगदान की काफी सराहना हुई। अपने करियर के शुरुआती दौर में वह 2012 से 2019 तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के नेशनल क्रिकेट सेंटर में कई भूमिकाओं में सक्रिय रहे। इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए टीम के अंतरिम सहायक/ फील्डिंग कोच और विश्लेषक की भूमिका भी निभाई। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए बांग्लादेश दौरे से व्यस्त कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद टीम वेस्टइंडीज में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगी। इस सप्ताह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद को टेस्ट टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच नियुक्त किया है। साथ ही बोर्ड सलमान आगा को सभी प्रारूपों का कप्तान बनाए जाने की तैयारी कर रहा है, जिससे शान मसूद (टेस्ट) और मोहम्मद रिजवान (वनडे) की कप्तानी समाप्त हो जाएगी।



# भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम यूरोप दौरे के लिए हुई नीदरलैंड रवाना

बेंगलुरु। कप्तान संजय और उप-कप्तान मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह की अगुवाई में भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम आठ से 20 जुलाई तक चलने वाले यूरोप दौरे के लिए शनिवार सुबह नीदरलैंड के लिए रवाना हो गई। भारत 'ए' टीम यूरोप के तीन शहरों में कुल आठ मैच खेलेगा। भारतीय 'ए' टीम आइंडहोवन (नीदरलैंड) में आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच तथा एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एंटवर्पेन (बेल्जियम) में इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगा। यूरोपीय दौरे पर रवाना होने से पहले भारत 'ए' के कप्तान संजय ने कहा, 卐यह दौरा हमारे लिए अपनी ताकत और कमजोरियों को जानने का एक अच्छा परीक्षण मैदान होगा। हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। यह दौरा हमें यह आकलन करने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा प्रदान करेगा कि हम कहाँ खड़े हैं। इस तरह के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन से हमें भविष्य में अपनी मुख्य टीम को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।' उप-कप्तान मोइरंगथेम ने कहा, 卐यह दौरा टीम को शीर्ष यूरोपीय टीमों के खिलाफ खेलने की विभिन्न गतिशीलता और तीव्रता को समझने में मदद करेगा। यहां कुछ युवा खिलाड़ियों को भारत में उनके द्वारा उपयोग की जाने वाली गति से बहुत अलग गति से हॉकी का अनुभव प्रदान करेगा। हमें उम्मीद है कि यह प्रदर्शन हमें और अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में मदद करेगा।'

# विराट ने बताया किस प्रकार अनुष्का के परिवार का हिस्सा बन गए

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के अपनी पत्नी अनुष्का के परिवार वालों के साथ भी काफी अच्छे संबंध हैं। विराट और अनुष्का की शादी साल 2017 को हुई थी। उसके बाद से ही कई बार, अनुष्का के माता-पिता को उनके साथ या बच्चों के साथ खास समय बिताते उन्हें देखा गया है। वहीं एक साक्षात्कार में विराट ने कहा था कि कैसे वह आसानी से अनुष्का के परिवार का हिस्सा बन गए। इस बातचीत में साथी क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने कहा, 'आपने अनुष्का के माता-पिता को अपने माता-पिता की तरह अपना लिया है।' इसपर विराट ने जवाब दिया, 'यह बहुत खास है। पहले दिन से ही ये रिश्ता काफी खूबसूरत था। पहले ही दिन से, जब भी अनुष्का से से मिला या मिलने गया, मुझे कभी अलग महसूस नहीं हुआ।' विराट ने अनुष्का के पिता और पूर्व सेना अधिकारी अजय कुमार शर्मा के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी बात की थी। उन्होंने बताया किया, 'अब भी, मेरे ससुर और मैं दोस्त की तरह हैं। मैं उनसे सब कुछ साझा कर सकता हूं। वह सेना अधिकारी रहे हैं इस कारण उनका रवैया बहुत निडर और स्पष्ट है। जब मैं उनसे किसी भी चीज के बारे में बात करता हूं, तो वो पल खास होता है।' विराट ने अनुष्का की मां और भाई की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मेरी सासू मां और मेरे साले भी बहुत अच्छे इंसान हैं। सब इतने प्यारे और दिल से अपनाने वाले हैं कि कभी लगा ही नहीं कि मैं अलग हूं।'' विराट ने आगे कहा, 'वे सभी इतने दिल से स्वीकार करने वाले और स्वागत करने वाले हैं। आप उनके साथ रहेंगे तो आप महसूस करेंगे कि जब आप इतने स्वाभाविक रूप से उन लोगों के साथ मिल जाते हैं, जो आपको इतनी जल्दी स्वीकार करते हैं कि रिश्ते केवल आपसी सम्मान और समझ और बिना शर्त प्यार पर आधारित होते हैं।'

# डी. गुकेश का कमाल, 19 साल की उम्र में रैपिड खिताब जीतकर रचा इतिहास

ज़ाग्रेब (एजेंसी)। क्रोएशिया के शहर ज़ाग्रेब में चल रहे सुपरयूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में भारत के 19 वर्षीय विश्व शतरंज चैम्पियन डी. गुकेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रैपिड खिताब जीत लिया। ग्रैंड चेस टूर 2025 का हिस्सा रहे इस टूर्नामेंट में गुकेश ने रैपिड प्रारूप में 18 में से 14 अंक हासिल किए। उनकी जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह अब विश्व स्तर पर एक बेहद मजबूत और खतरनाक खिलाड़ी बन चुके हैं।

प्रतियोगिता की शुरुआत गुकेश के लिए आसान नहीं रही। पहले ही राउंड में उन्हें पोलैंड के जान-क्ज़ीश्टॉफ़ डूडा से हार झेलनी पड़ी। लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार पांच मुकाबले जीत लिए। इनमें सबसे अहम जीत विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन के खिलाफ चौथे राउंड में आई। इस जीत ने उन्हें टूर्नामेंट की बढ़त दिलाई और बाकी खिलाड़ियों पर दबाव बना दिया। फाइनल राउंड में गुकेश ने अमेरिका के अनुभवी खिलाड़ी वेस्ली सो को 36 चालों में हराकर खिताब पर निर्णायक मुहर लगा दी। इस मुकाबले में उन्होंने विरोधी की एक मामूली गलती को बेहद कुशलता से भुनाया। उनका रैपिड रिकॉर्ड 6 जीत, 2 ड्रॉ और 1 हार रहा, जो उनकी लगातार स्थिरता और रणनीतिक गहराई का प्रमाण है। तीसरे दिन के खेल में भी गुकेश ने अपना संयम और तैयारी दिखाई।

डच ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी के खिलाफ उनका मुकाबला ड्रॉ रहा, जबकि क्रोएशिया के इवान शारिक के खिलाफ उन्होंने 87 चालों का लंबा मैच खेला। इसमें उन्होंने मार्शल गैम्बिट का इस्तेमाल किया और यह भी ड्रॉ पर समाप्त हुआ, लेकिन इससे उनकी लड़ाकू मानसिकता और जीत के जज्बे की झलक साफ दिखी। टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन ने अंतिम दिन फैबियानो कारुआना के खिलाफ जीत दर्ज की, लेकिन नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव से ड्रॉ खेलने के चलते वह गुकेश को चुनौती नहीं दे पाए। वहीं, डूडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। भारत के एक और युवा खिलाड़ी आर. प्रग्गनानंद का प्रदर्शन अपेक्षाकृत धीमा रहा। उन्होंने 9 मैचों में एक जीत और 7 ड्रॉ खेले और कुल 9 अंक बनाए। हालांकि ज़ाग्रेब में उनका प्रदर्शन कमजोर रहा, लेकिन ग्रैंड चेस टूर के अन्य चरणों में शानदार नतीजों के कारण वह समग्र रैंकिंग में मजबूत दावेदार बने हुए हैं। अब इस टूर्नामेंट का ब्लिट्ज चरण शनिवार से शुरू होगा और 6 जुलाई को समाप्त होगा, जिसके बाद रैपिड और ब्लिट्ज दोनों के संयुक्त अंकों से कुल विजेता का फैसला होगा।



# भारत का खिलौना उद्योग अब घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग कर रहा हैः पीयूष गोयल

### सरकार खिलौना क्षेत्र के लिए एक नई प्रोत्साहन योजना शुरू करने की तैयारी में

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कभी आयात पर निर्भर रहने वाला भारत का खिलौना उद्योग अब घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग कर रहा है और 153 देशों को निर्यात कर रहा है।

हाल ही में 16वें टॉय बिज इंटरनेशनल बी2बी एक्सपो 2025 को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि यह बदलाव लगातार नीतिगत समर्थन, गुणवत्ता मानकों के प्रवर्तन और लोकल मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर को मजबूत करने के माध्यम से संभव हुआ है।

उन्होंने कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) के कार्यान्वयन ने भारत को गुणवत्ता के प्रति जागरूक देश बनाने में मदद की है और घरेलू खिलौना निर्माताओं को वैश्विक मानदंडों को पूरा करने में सक्षम बनाया है।

भारत की 1.4 बिलियन की आबादी एक विशाल कैप्टिव बाजार प्रदान करती है, जो मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए एक स्वाभाविक लाभ पैदा करती है। इस पैमाने के साथ, उद्योग लागत दक्षता प्राप्त कर सकता है और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बन सकता है।

उन्होंने कहा कि बड़ा घरेलू बाजार न केवल विस्तार का समर्थन करता है बल्कि अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए आधार का काम भी करता है। उन्होंने बताया कि सरकार खिलौना क्षेत्र के लिए एक नई प्रोत्साहन योजना शुरू करने की तैयारी में है।

इस योजना का उद्देश्य भारतीय खिलौना निर्माताओं की डिजाइन क्षमताओं को बढ़ाकर, गुणवत्तापूर्ण मैन्युफैक्चरिंग सुनिश्चित कर, पैकेजिंग मजबूत कर और ब्रांड निर्माण को समर्थन देकर उन्हें विश्व स्तरीय बनने में मदद करना है।



## केंद्र ने पुल, फ्लाईओवर, सुरंग वाले राजमार्गों के लिए टोल रेट्स में 50 प्रतिशत तक की कटौती की

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वाहन चालकों को बड़ी राहत देते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों के कुछ हिस्सों पर टोल रेट्स में 50 प्रतिशत तक की कमी की है। इन हिस्सों में सुरंग, पुल, फ्लाईओवर और एलिवेटेड रोड जैसे स्ट्रक्चर शामिल हैं। इस कदम का उद्देश्य यात्रा की लागत को कम करना और सड़क यात्रा को लोगों के लिए अधिक किफायती बनाना है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन किया है और टोल चार्ज की गणना के लिए एक नया फॉर्मूला अधिसूचित किया है। नए नियम के अनुसार, अब टोल की गणना इस तरह से की जाएगी कि राजमार्ग के उन हिस्सों पर शुल्क में कमी आएगी, जिनमें मुख्य रूप से महंगे इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। अधिसूचना के अनुसार, अगर राष्ट्रीय राजमार्ग के किसी हिस्से में फ्लाईओवर या सुरंग जैसे स्ट्रक्चर शामिल हैं तो टोल की गणना या तो स्ट्रक्चर की लंबाई का दस गुना या राजमार्ग खंड की कुल लंबाई का पांच गुना दोनों में से कम मूल्य के आधार पर की जाएगी। मंत्रालय ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर राजमार्ग का 40 किलोमीटर का हिस्सा पूरी तरह से पुल या फ्लाईओवर जैसे स्ट्रक्चर से बना है तो टोल की गणना स्ट्रक्चर की लंबाई का 10 गुना (400 किमी) या कुल लंबाई का 5 गुना (200 किमी) में से कम मूल्य आधार यानी 200 किमी के आधार पर की जाएगी, जिससे प्रभावी रूप से दर आधी हो जाएगी। इससे पहले, वाहन चालकों को ऐसे स्ट्रक्चर के प्रत्येक किलोमीटर के लिए नियमित टोल दर से दस गुना अधिक भुगतान करना पड़ता था, क्योंकि इस प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण और रखरखाव अधिक महंगा होता है। इस बीच, परेशानी मुक्त राजमार्ग यात्रा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले महीने निजी वाहनों के लिए एक नए फास्टैग-आधारित वार्षिक पास की घोषणा की। 3,000 रुपए की कीमत वाला यह पास इस साल 15 अगस्त से उपलब्ध होगा। विशेष रूप से गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया यह वार्षिक पास एक्टिवेशन की तारीख से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, तक वैलिड रहेगा।

## भारत में हर घंटे 60 अतिरिक्त उड़ानें जुड़ी और हर 40 दिन में एक नया हवाई अड्डा बना - नागरिक उड्डयन मंत्री

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि हर 40 दिन में एक नए हवाई अड्डे के साथ देश में मात्र 10 वर्षों में 88 नए हवाई अड्डे बने हैं और हर घंटे 60 अतिरिक्त उड़ानें जुड़ी हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, आज भारत में उड़ान भरना अधिक सुलभ और किफायती हो चुका है। केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारतीय आकाश अधिक जुड़ा हुआ, प्रतिस्पर्धी और सहयोगात्मक है। उन्होंने समावेशी विमानन विकास को प्राप्त करने के लिए सहयोगात्मक, राज्य-विशिष्ट रणनीतियों के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता दोहराई। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा आयोजित उत्तर क्षेत्र नागरिक उड्डयन मंत्रियों का सम्मेलन 2025 में केंद्रीय मंत्री ने कहा, इस रणनीतिक पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य क्षेत्रीय अवसरों की पहचान करना और टियर 2 और 3 श्रेणी के शहरों की अपार क्षमता को साकार करना है। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र राज्य में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, पर्यटन और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में हो रही प्रगति की सराहना की और राज्य की पहाड़ी भू-भागों में हेलीकॉप्टर संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की महत्ता को रेखांकित किया, जिसके लिए राज्य सरकार और मंत्रालय दोनों प्रतिबद्ध हैं। मंत्रालय द्वारा विमानन क्षेत्र में राज्यों के लिए अवसरों पर कई प्रस्तुतियां दी गईं।

## मद्रास हाई कोर्ट का फैसला, विदेशी आयुर्वेदिक दवाओं के आयात के लिए अनिवार्य होगा लाइसेंस

**चेन्नई।**

मद्रास हाई कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा है कि विदेशों से आयुर्वेदिक दवाएं या उत्पाद भारत में मंगवाने के लिए आयात लाइसेंस लेना अनिवार्य है। कोर्ट ने यह फैसला एक केस की सुनवाई के दौरान सुनाया जिसमें सिंगापुर से आयात की जा रही एक आयुर्वेदिक दवा को कस्टम विभाग द्वारा रोका गया था। यह मामला लेंग काई फूक मेडिकल कंपनी (सिंगापुर) द्वारा निर्मित एक आयुर्वेदिक तेल 'कोडलाई थाईलम' से जुड़ा है। इस तेल को भारत में एक्सेन मार्केटिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जो चेन्नई के मंडैवेली में स्थित है, आयात कर रही थी और यहां बेच रही थी। हाल ही में अरुंबक्कम स्थित राज्य प्राधिकरण ने एक्सेन कंपनी को एक नोटिस भेजा, जिसमें कहा गया कि कोडलई थैलम का आयात करने के लिए उनके पास वैध लाइसेंस होना चाहिए। इसके बाद, कस्टम अधिकारियों ने सिंगापुर से आई इस दवा की खेप को जब्त कर लिया। इस कार्रवाई के विरोध में एक्सेन कंपनी ने मद्रास हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की और मांग की कि उनकी जब्त की गई दवा की खेप छोड़ी जाए। इस मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सेंथिलकुमार राममूर्ति ने सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि 'कोडलाई थाईलम' एक कस्टम टैरिफ कैटेगरी के अंतर्गत आता है और यह एक आयुर्वेदिक दवा है, जो निरीक्षण के अधीन है। उन्होंने यह भी कहा कि आयुर्वेदिक उत्पादों पर भी औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम लागू होता है, और इसलिए सभी प्रकार की औषधियों के आयात के लिए लाइसेंस होना अनिवार्य है।

# बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार ने दो हफ्ते की बढ़त गंवाई

### सेंसेक्स 193 अंक बढ़कर 83,432.89 अंक पर बंद

**निफ्टी 55 अंक बढ़कर 25,461 अंक पर बंद**

**मुंबई।**

घरेलू शेयर बाजार ने बीते सप्ताह दो हफ्ते की बढ़त गंवा दी। बाजार के जानकारों ने कहा` कि ` वित्तीय सेक्टर में बड़ी साप्ताहिक ` गिरावट से बाजार में दबाव रहा। वहीं टैरिफ डेडलाइन से पहले निवेशक बाजार में सतर्क बने रहे। बीते सप्ताह शेयर बाजार के पांच कारोबारी` दिनों पर नजर डालें तो हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की सपाट शुरुआत हुई। हालांकि, थोड़ी देर में ही बाजार लाल निशान पर आ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 182.77 अंक गिरकर 83,876.13 पर खुला और 452.44 अंक गिरकर 83,606.46 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 46.25 अंक गिरकर 25,591.55 पर खुला और 120.75 अंक गिरकर 25,517.05 अंक पर बंद हुआ। हफ्ते के पहले दिन हुई गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को हरियाली लौटी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 177.79 अंक चढ़कर 83,784.25 पर खुला और 90.83 अंक उछलकर 83,697.29 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 51.2 अंक चढ़कर 25,568.25 पर खुला और 24.75 अंक बढ़कर 25,541.80 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भी हरियाली बरकरार रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 236.56 अंक चढ़कर 83,933.85 पर खुला और 287.60 अंक गिरकर 83,409.69 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 66.3 अंक चढ़कर 25,608.10 पर खुला और वहीं एनएसई निफ्टी 88.40 अंक गिरकर 25,453.40 अंक पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर आशावाद के बीच एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख को दर्शाते हुए गुरुवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी रही। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 242.83 अंक चढ़कर 83,652.52 अंक पर खुला और 170.22 अंक गिरकर 83,239.47 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 83.65 अंक चढ़कर 25,537.05 अंक पर खुला और 48.10 अंक गिरकर 25,405.30 अंक पर बंद हुआ।




## लगातार मांग बढ़ने से तांबे की कीमतें 980-1,020 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंचने के लिए तैयार : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**

तांबे की कीमत 10,000 डॉलर की सीमा के करीब पहुंचने के बाद, घरेलू मोर्चे पर 980-1,020 रुपए प्रति किलोग्राम और लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) पर 10,800-11,000 डॉलर प्रति मीट्रिक टन तक पहुंचने के लिए तैयार है। यह जानकारी शनिवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के अनुसार, अधिशेष अनुमानों और लगातार मांग संबंधी चिंताओं के बीच नाजुक संतुलन बने हुए हैं। इस बीच अमेरिकी डॉलर में गिरावट, ट्रेजरी यील्ड में नरमी आने और ब्याज दरों में कटौती या कम वृद्धि की उम्मीदों सहित अनुकूल परिस्थितियां तांबे के लिए आगे की ओर बढ़ने की प्रवृत्ति का नेतृत्व कर रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, अमेरिकी डॉलर इंडेक्स तीन वर्षों में अपने सबसे निचले स्तर पर है, क्योंकि ट्रेजरी यील्ड में नरमी आई है और दरों में कटौती या कम वृद्धि की उम्मीदें हैं। डॉलर में नरमी और निवेशकों के बीच जोखिम उठाने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण कीमतों में और वृद्धि के लिए अनुकूल माहौल बन रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, तांबे के स्टॉक कम हो रहे हैं, जिससे वायदा कीमतों में भारी गिरावट आ रही है। एलएमई कैश-3एम स्प्रेड 100 डॉलर से ऊपर चला गया है, जो दर्शाता है कि तत्काल डिलीवरी के लिए तांबे की कमी है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के ग्रुप सीनियर वीपी-कमोडिटी रिसर्च, नवनीत दमानी ने कहा, कॉपर कॉम्प्लेक्स में सेंटीमेंट बदल रहा है और बाजार प्रतिभागी जो पहले सावधानी से पोजीशन ले रहे थे, वे धीरे-धीरे शॉर्ट कवर कर रहे हैं। कमोडिटी ट्रेडिंग सलाहकारों और सिस्टमैटिक फंड्स ने अपने दांव पलट दिए हैं क्योंकि मजबूत मांग और कम इन्वेंट्री ने उन्हें पोजीशन पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है।

उन्होंने कहा, सेंटीमेंट में यह बदलाव अक्सर लंबी रैलियों से पहले आता है, खासकर जब व्यापक अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा हो

रिपोर्ट के अनुसार, एलएमई गोदाम के स्टॉक 1,00,000 टन से नीचे गिर गए हैं, जो लगभग दो वर्षों में सबसे कम स्तर है, जबकि कॉमेक्स स्टॉक तेज़ गति से बढ़ रहे हैं। इस आपूर्ति की कमी का मुख्य कारण व्यापारी बन रहे हैं, जो इस साल की शुरुआत में शुरू हुई तांबे के आयात की जांच के परिणामस्वरूप संभावित आयात शुल्क की प्रत्याशा में अमेरिकी बाजार में अनुमानित 400 किलोटन तांबे को जल्द से जल्द लाने की कोशिश कर रहे हैं।

## इंडसइंड बैंक को इंडिया रेटिंग्स से राहत, लेकिन निगेटिव आउटलुक बरकरार

### ऋणदाता के डेट इंस्ट्रूमेंट के लिए 'एए प्लस' रेटिंग की पुष्टि की

**नई दिल्ली।**

इंडिया रेटिंग्स ने निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक को रेटिंग वॉच विद नेगेटिव इंप्लीकेशंस दर्जे से हटा दिया है व ऋणदाता के डेट इंस्ट्रूमेंट के लिए 'एए प्लस' रेटिंग की पुष्टि की है। रेटिंग एजेंसी ने इन इंस्ट्रूमेंट्स पर नकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखा है, जो वित्त वर्ष 2025 में बैंक द्वारा कुल 4,920 करोड़ रुपये की कई अकाउंटिंग विसंगतियों और कमजोर आंतरिक नियंत्रण की रिपोर्टिंग से उत्पन्न चिंताओं को दर्शाता है। इंडिया रेटिंग्स ने 20 मार्च, 2025 को डेट इंस्ट्रूमेंट्स को 'रेटिंग वॉच विथ नेगेटिव इंप्लीकेशंस' पर रखा था, क्योंकि बैंक ने अपने डेरिवेटिव खाते की बैलेंस पोर्टफोलियो में विसंगतियों और इसकी कुल संपत्ति पर इसके प्रतिकूल प्रभाव के बारे में खुलासे किए थे। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के परिणाम घोषित करते हुए बैंक प्रबंधन ने कहा था कि उसने अनियमितताओं के लिए सक्रियता से वृद्धिशील प्रावधान किए हैं और कॉर्पोरेट बुक में रन-डाउन से 62,000 करोड़ रुपये नकदी का प्रावधन किया गया है। इससे तत्काल कोई कम अवधि के लिए नकदी की जरूरत नहीं होगी, लेकिन फ्रैंचाइज की स्थिरता को लेकर निकट से लेकर मध्यावधि तक चिंता जारी रहेगी।

# यूपीआई से लेनदेन पर मिलेगा तीन फीसदी कैशबैक

भारत की कोल्हापुरी चप्पल को लाखों में बेच कर फंसी इटली की प्राडा ब्रांड

बॉम्बे हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर, माफी मांगने व मुआवजा देने की मांग

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत की कोल्हापुरी चप्पल को लाखों रुपए में बेच कर मुनाफा कमा रही इटली की फैशन लक्जरी ब्रांड फंस गई है। कोल्हापुरी चप्पलों के अनधिकृत इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए प्राडा के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में प्राडा पर भारतीय कारीगरों के डिजाइन की नकल करने का आरोप लगाया है और प्राडा से कारीगरों को मुआवजा देने के आदेश की मांग की गई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मामला तब सुर्खियों में आया जब प्राडा ने हाल ही में अपने एक फैशन शो में अंगूठे वाली चप्पलों का कलेक्शन पेश किया। ऐसे एक जोड़ी चप्पल के लिए कंपनी ने एक लाख से सवा लाख रुपए तक कीमत वसूली। याचिका में कहा गया है कि प्राडा द्वारा प्रदर्शित चप्पलों का डिजाइन हूबहू कोल्हापुरी चप्पल से मिलता है। यह याचिका प्राडा समूह और महाराष्ट्र सरकार के कई अधिकारियों के खिलाफ दायर की गई है।

याचिका में प्राडा को बिना किसी अनुमति के इस चप्पल का व्यवसायीकरण और इस्तेमाल करने से रोके जाने की मांग की गई है। वहीं फैशन ब्रांड प्राडा को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और कोल्हापुरी चप्पलों के इस्तेमाल की बात स्वीकार करने का निर्देश दिए जाने की भी अपील की गई है। याचिका में कहा गया है कि कोल्हापुरी चप्पल पहले से ही कानून के तहत जीआई के रूप में संरक्षित है। जनहित याचिका में

## आईआईटी मद्रास एलुमनी मीट में बोले पीयूष गोयल, देश 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर

**बेंगलुरु।**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शनिवार को आयोजित आईआईटी मद्रास एलुमनी मीट 'संगम' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने और पांच प्रणों को लेकर विस्तार से बात की।

पीयूष गोयल ने कहा कि देश अब एक निर्णायक दौर में है, जहां हम भविष्य के भारत की नींव रख रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 में जब मोदी सरकार सत्ता में आई थी, तब भारत को दुनिया की सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था। लेकिन बीते 10 साल में देश ने बहुत सारे मिशनों पर काम किया, जिसमें स्वच्छ भारत, स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने आम आदमी तक पहुंच बनाई और जमीनी बदलाव लाए। पीयूष गोयल ने कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चुका है और अगर यही रफ्तार बनी रही, तो 2027 तक हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकते हैं।

उन्होंने कहा, आज जो भी नीतियां बनाई जा रही हैं, वे आने वाले भविष्य के भारत को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रही हैं। तकनीक को लेकर उन्होंने कहा कि भारत अब नई तकनीकों से डरता नहीं है, बल्कि उन्हें अपनाकर आगे बढ़ने का आत्मविश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि यह आत्मविश्वास हमें दुनिया के बेहतरीन देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के योग्य बनाता है। कोविड महामारी के दौरान भारत ने 100 से ज्यादा देशों को वैक्सीन भेजी।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने इसके लिए भारत को धन्यवाद दिया, लेकिन अफसोस की बात है कि कुछ लोग, विशेषकर कुछ राज्यों के नेता, इसे ठीक से समझ नहीं पाए।

## सप्लाई स्थिर होने और भू-राजनीतिक तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में आ सकता है उछाल



**नई दिल्ली।**

विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि आपूर्ति पक्ष से सकारात्मक संकेत मिलने और भू-राजनीतिक तनाव कम होने के संकेत मिलने के कारण निकट भविष्य में कच्चे तेल की कीमतों में सुधार देखने को मिल सकता है। हालांकि मांग संबंधी चिंताओं के कारण वैश्विक धारणा प्रभावित हो रही है, लेकिन बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अगर प्रमुख तकनीकी स्तर कायम रहे तो कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चे तेल की कीमतें शुक्रवार को नरम रहीं, कम कारोबार और कमजोर वैश्विक मांग के बीच 65 डॉलर के मध्य रेंज के आसपास कारोबार कर रही थीं। हालांकि, विश्लेषक खासकर ओपेक प्लस बैठक और अमेरिकी टैरिफ की समयसीमा जैसे प्रमुख आयोजनों के साथ संभावित बदलाव की ओर इशारा कर रहे हैं। एंजेल वन लिमिटेड में कमोडिटीज और करेंसीज के मुख्य तकनीकी शोध विश्लेषक तेजस शिग्रेकर ने कहा कि क्रूड ऑयल आउटलुक मिश्रित बना हुआ है, लेकिन सतर्क आशावाद के कुछ कारण हैं। उन्होंने कहा कि खासकर चीन और यूरोजोन में ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग में स्लोडाउन के कारण मांग प्रभावित हुई है। साथ ही ओपेक प्ल, उत्पादन में कटौती के कारण ग्लोबल सप्लाई अभी भी कम है। उन्होंने बताया, मुख्य रूप से सऊदी अरब और रूस के नेतृत्व में की गई इन कटौतियों ने कीमतों में अधिक गिरावट को रोकने में मदद की है। शिग्रेकर ने कहा, ओईसीडी देशों से मांग के कम अनुमानों के बावजूद, कॉर्डिनेटेड उत्पादन प्रतिबंध कीमतों को एक आधार प्रदान कर रहे हैं और जब तक सप्लाई पर कोई बड़ा झटका नहीं लगता, तब तक रणनीतिक खरीद द्वारा समर्थित क्रूड ऑयल फ्यूचर के व्यापक दायरे में बने रहने की संभावना है।

## भारत की कोल्हापुरी चप्पल को लाखों में बेच कर फंसी इटली की प्राडा ब्रांड

### बॉम्बे हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर, माफी मांगने व मुआवजा देने की मांग

**नई दिल्ली।**

भारत की कोल्हापुरी चप्पल को लाखों रुपए में बेच कर मुनाफा कमा रही इटली की फैशन लक्जरी ब्रांड फंस गई है। कोल्हापुरी चप्पलों के अनधिकृत इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए प्राडा के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में प्राडा पर भारतीय कारीगरों के डिजाइन की नकल करने का आरोप लगाया है और प्राडा से कारीगरों को मुआवजा देने के आदेश की मांग की गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मामला तब सुर्खियों में आया जब प्राडा ने हाल ही में अपने एक फैशन शो में अंगूठे वाली चप्पलों का कलेक्शन पेश किया। ऐसे एक जोड़ी चप्पल के लिए कंपनी ने एक लाख से सवा लाख रुपए तक कीमत वसूली। याचिका में कहा गया है कि प्राडा द्वारा प्रदर्शित चप्पलों का डिजाइन हूबहू कोल्हापुरी चप्पल से मिलता है। यह याचिका प्राडा समूह और महाराष्ट्र सरकार के कई अधिकारियों के खिलाफ दायर की गई है। याचिका में प्राडा को बिना किसी अनुमति के इस चप्पल का व्यवसायीकरण और इस्तेमाल करने से रोके जाने की मांग की गई है। वहीं फैशन ब्रांड प्राडा को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और कोल्हापुरी चप्पलों के इस्तेमाल की बात स्वीकार करने का निर्देश दिए जाने की भी अपील की गई है। याचिका में कहा गया है कि कोल्हापुरी चप्पल पहले से ही कानून के तहत जीआई के रूप में संरक्षित है। जनहित याचिका में कहा गया है कि कोर्ट प्राडा द्वारा अनधिकृत जीआई उपयोग पर स्थायी रोक लगाने और कारीगरों के समुदाय को प्रतिष्ठा और आर्थिक नुकसान के लिए मुआवजा दिए जाने का आदेश दे। इसमें जीआई-पंजीकृत मालिकों और कारीगरों के समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन करने के लिए प्राडा के खिलाफ जांच का अनुरोध किया गया है। जनहित याचिका में कहा गया है कि प्राडा ने निजी तौर पर स्वीकार किया है कि उसका यह संग्रह भारतीय कारीगरों से प्रेरित है, लेकिन उसने अभी तक मूल कारीगरों से माफी नहीं मांगी या उन्हें मुआवजा नहीं दिया है। याचिका में कहा गया है कि निजी तौर पर स्वीकृति आलोचना से बचने का एक सतही प्रयास मात्र प्रतीत होता है। बता दें भारत में इस बात को लेकर विवाद बढ़ने के बाद प्राडा ने माना कि डिजाइन भारतीय हस्तनिर्मित चप्पल से 'प्रेरित' है। प्राडा ने कहा कि 'मेन्स 2026 फैशन शो' में जो सैंडल प्रदर्शित की गई वे अब भी डिजाइन चरण में हैं और रैंप पर मॉडलों द्वारा पहनी गई, किसी भी चप्पल के व्यावसायीकरण की पुष्टि नहीं हुई है।



# अजय देवगन और मेरे बीच फिल्मों को लेकर कभी झगड़ा नहीं हुआ

बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल ने अपने पति अजय देवगन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में आईएएनएस से बात की। उन्होंने कहा कि जब भी वे फिल्मों को लेकर साथ काम करते हैं, तो उनके बीच कभी कोई लड़ाई या झगड़ा नहीं होता। इंटरव्यू में काजोल ने बताया कि दोनों के बीच एक-दूसरे के लिए बहुत इज्जत और समझदारी है, चाहे वो काम से जुड़ी बात हो या घर की। वह अजय के वित्तीय फैसलों में दखल नहीं देतीं, क्योंकि उन्हें भरोसा है कि अजय के पास इस काम के लिए बेहतर सलाहकार हैं।

काजोल ने कहा, पैसों के मामलों में अजय के पास सलाह देने वाले कई लोग हैं, जो उन्हें बताते हैं कि क्या करना है और क्या नहीं। मैं उस मामले में दखल नहीं देती। जहां तक फिल्म मां का सवाल है, तो हां, हमने इस पर काफी लंबी बातचीत की थी। हमें फिल्म का क्लाइमेक्स भी फिर से शूट करना पड़ा, क्योंकि उसमें वीएफएक्स और एक्शन जैसे कुछ काम बाकी थे। कुल मिलाकर हम दोनों की सोच इस फिल्म को लेकर मिलती-जुलती रही। हमारे बीच कोई बड़ी बहस या झगड़ा नहीं हुआ। काजोल ने अजय देवगन के प्रोड्यूसर बनने के सफर के बारे में बात करते हुए कहा, वह बहुत ही अच्छे प्रोड्यूसर हैं। स्क्रिप्ट से लेकर वीएफएक्स तक, वह हर चीज में खुद शामिल रहते हैं। यहां तक कि फिल्म की मार्केटिंग भी उन्होंने अपनी देखरेख में की। वह ध्यान रखते हैं कि सब कुछ अच्छे से हो और सही तरीके से काम हो। मैं कह सकती हूं कि वह एक बेहतरीन प्रोड्यूसर हैं।

काजोल ने कहा, मैं मानती हूं कि अजय एक ऐसे प्रोड्यूसर हैं, जो साफ सोच रखते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि उनकी कंपनी से जो भी फिल्म निकले, वो अच्छी हो, ऐसी हो जिस पर वह गर्व कर सकें और कह सकें कि यह उनकी फिल्म है। कई बार पैसे बचाने के लिए क्वालिटी से समझौता करना आसान होता है, लेकिन अजय ने कभी ऐसा नहीं किया। एक प्रोड्यूसर के तौर पर यह बहुत बड़ी बात है। इसके लिए मैं उनकी तारीफ करती हूं।



# शनाया कपूर के लिए विक्रांत को-स्टार ही नहीं मेंटर भी

शनाया कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म आंखों की गुस्ताखियां के प्रमोशन में जुटी हैं। उनके अपोजिट विक्रांत मैसी हैं। इस फिल्म से डेब्यू को तैयार अभिनेत्री ने कहा कि अपने को-स्टार से उन्होंने बहुत कुछ सीखा। शनाया कपूर ने बातचीत के दौरान विक्रांत मैसी के साथ काम करने के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि, विक्रांत का स्वभाव बहुत अच्छा है, वो मदद को तैयार रहते हैं। उनके इस नेचर ने मुझे सेट पर काफी सहज महसूस कराया। वह सेट पर मेरे को-स्टार होने के साथ-साथ मेंटर भी थे, जिसने मुझे एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ने में मदद की। अभिनेत्री ने आगे बताया कि, मुझे लगता है कि पहली चीज जो मैंने उनसे सीखी है वह यह है कि एक इंसान के तौर पर वह बहुत उदार हैं, जो उनके काम में भी दिखता है, और मुझे लगता है कि यह बहुत बड़ी बात है, क्योंकि वह सच में एक समर्पित अभिनेता हैं। एक अभिनेता के तौर पर हम बस अपनी लाइन, किरदार और कॉस्टयूम के बारे में सोचते रहते हैं।

मैंने एक अभिनेता के तौर पर सीखा कि सबसे पहले आपको एक समर्पित अभिनेता बनना पड़ेगा और पूरे सीन के बारे में सोचना



पड़ेगा। आप बस अपने बारे में नहीं सोच सकते हैं। लेकिन इससे भी अच्छी जो उनकी खासियत थी, वह यह कि उन्होंने मुझे सेट पर सहज महसूस करवाया। उन्होंने सेट पर कभी मुझे यह महसूस नहीं होने दिया कि मैं नई कलाकार हूं, और यह एक अनुभवी अभिनेता की निशानी है यह अविश्वसनीय है क्योंकि उन्हें मेरे लिए ऐसा करने की जरूरत नहीं थी, लेकिन उन्होंने ऐसा किया। अभिनेत्री ने याद करते हुए बताया कि कैसे विक्रांत अक्सर सीन पर उनसे इनपुट मांगते थे, जैसे कि, तुम मुझे भी बताओ, तुम्हें कैसा लग रहा है? तुम्हें क्या लगता है? क्या हमें इसे इस तरह से करना चाहिए या उस तरह से? अभिनेत्री ने प्रशंसा की कि एक नए व्यक्ति के लिए, ऐसा माहौल आश्चर्यजनक और आरामदायक दोनों था।



# मुझे प्रभावित करती है केके मेनन की शैली



मोस्टअवेटेड जासूसी-थ्रिलर स्पेशल ऑप्स 2, 11 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। इस सीरीज में एक्टर ताहिर राज भसीन खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। ताहिर ने अपने को-एक्टर केके मेनन के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया और बताया कि उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। ताहिर ने केके मेनन के साथ एक्टिंग को एक बड़ी उपलब्धि और चुनौती बताया। उन्होंने कहा, केके मेनन जैसे दिग्गज एक्टर के सामने काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैंने उनके हीरो और विलेन दोनों किरदारों को देखकर बहुत कुछ सीखा है। हिम्मत सिंह के रूप में उनकी एक्टिंग, गंभीरता दर्शकों को बेहद पसंद है। हालांकि, मेरा किरदार ऐसा है, जो कहानी में तनाव को और बढ़ाता है, जिसमें सहजता और चतुराई दोनों का तड़का है। ताहिर ने मेनन से मिली सीख का जिक्र करते हुए कहा, केके सर से मैंने सेट पर और बाहर दोनों जगह बहुत कुछ सीखा। उनकी धैर्यपूर्ण और सादगी भरी शैली मुझे बहुत प्रभावित करती है। जिंदगी के अनुभवों से भरी बातचीत से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। स्पेशल ऑप्स 2 में केके मेनन एक बार फिर अधिकारी हिम्मत सिंह की भूमिका में दिखेंगे। इस बार हिम्मत एक ऐसी जंग लड़ते हैं, जो दिखाई नहीं देती। मेनन ने अपने किरदार के बारे में कहा, हिम्मत सिंह हमेशा बुद्धि, साहस और जज्बे के साथ लड़ता है। इस बार चुनौती और भी जटिल है। यह सीजन न केवल देश की सुरक्षा के मुद्दों को उठाता है, बल्कि हिम्मत के निजी जीवन, एक पिता और देशभक्त की भावनाओं को भी उजागर करता है। शिवम नायर के निर्देशन में तैयार इस सीरीज में ताहिर राज भसीन, केके मेनन के साथ एक्टर प्रकाश राज, विनय पाठक, सयामी खेर, इब्राहिम, गौतमी कपूर, परमीत सेठी और काली प्रसाद मुखर्जी जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में हैं। स्पेशल ऑप्स 2 साइबर और राष्ट्रीय सुरक्षा की पृष्ठभूमि में एक रोमांचक कहानी पेश करती है। सीरीज का प्रीमियर 11 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर होगा।

# दीपिका को मिला हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम सम्मान

दीपिका पादुकोण को 2026 हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम सम्मान के लिए चुना गया है। यह सम्मान पाने वाली वो पहली भारतीय हैं। हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम सम्मान मिलने के बाद दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में इसे लेकर रिएक्शन दिया है। उन्होंने ने अपनी स्टोरी में इसके लिए आभार जताया है। हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम को मैनेज करने वाली आधिकारिक संगठन 'हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स' की तरफ से 2 जुलाई को इंस्टाग्राम पर यह खबर शेयर की गई है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- 'मोशन पिक्चर्स, टेलीविजन, लाइव थियेटर/लाइव परफॉरमेंस, रेडियो, रिकॉर्डिंग और स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट कैटेगरी में एंटरटेनमेंट प्रोफेशनल के एक नए ग्रुप को हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स के वॉक ऑफ फेम चयन पैनल द्वारा हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार प्राप्त करने के लिए चुना गया है। हमें 2026 के वॉक ऑफ फेम क्लास में आपका स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है!'इसके साथ ही उन्होंने हर कैटेगरी के लिए चुन गए आर्टिस्ट का नाम शेयर किया है। दीपिका को मोशन पिक्चर्स कैटेगरी में सम्मान के लिए चुना गया है। इस लिस्ट में दीपिका के अलावा टिमोथी चालमेट, रेचल मैकएडम्स, डेमी मूर, स्टेनली टुची, रामी मालेक और एमिली ब्लंट जैसे इंटरनेशनल आर्टिस्ट शामिल हैं। हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम कैलिफोर्निया का फेमस टूरिस्ट लोकेशन है।



# प्रियंका ने 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रीमियर पर काम को लेकर की बात

**प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपनी नई फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट के लंदन प्रीमियर में रेड कार्पेट पर शानदार मौजूदगी दर्ज की। उन्होंने बताया कि वह ऐसी भूमिकाएं चुनती हैं, जो हल्की न हों, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाएं। एक इंटरव्यू के दौरान. प्रियंका चोपड़ा ने कहा, मैं अपने काम पर गर्व करना चाहती हूं।**

इस फिल्म में वह नोएल बिसेट नाम की एक तेज-तर्रार MI6 एजेंट की भूमिका में हैं, जो हमेशा दस कदम आगे सोचती है। उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसी महिलाओं के किरदार निभाना पसंद है, जो कहानी का हिस्सा बनें, न कि सिर्फ सजावट हों। इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म में उनकी बुद्धिमानी, कॉमेडी और एक्शन का शानदार मिश्रण देखने को मिलता है।


## फिल्म और सह-कलाकार

इल्या नैशुल्लर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में इदरीस एल्बा और जॉन सीना जैसे बड़े सितारे हैं, जो विश्व नेताओं की भूमिका में हैं, जबकि प्रियंका की किरदार कहानी को जोड़े रखती है। फिल्म में पैडी कॉन्सिडाइन, कार्ला गुगिनो और जैक क्वैड जैसे कलाकार भी हैं। प्रीमियर में प्रियंका के पति निक जोनस के अलावा कई सेलेब्स ने शिरकत की।

## प्रियंका की सलाह

प्रियंका ने अपने अनुभव शेयर करते हुए कहा, अभ्यास से ही पूर्णता आती है। असफलता मिले तो हार मत मानो। उन्होंने सलाह दी कि अपने लक्ष्यों पर ध्यान दो और नकारात्मक लोगों की बातों को नजरअंदाज करो। जो लोग आपसे प्यार करते हैं, उन पर ध्यान दो, बाकी लोग मायने नहीं रखते।





# रणबीर के साथ 'रामायण' में मुख्य किरदार निभा रहे हैं रवि दुबे

रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'रामायण' आने वाली बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब 'रामायाण' की पहली झलक कल यानी 3 जुलाई को आने वाली है। इसको लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। उम्मीद है कि इस दिन फिल्म से राम और रावण के लुक सामने आ सकते हैं। भारी भरकम स्टारकास्ट वाली इस फिल्म में रणबीर कपूर राम, साई पल्लवी सीता और यश रावण के किरदार में नजर आएंगे। इसके अलावा सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण का किरदार निभा रहे हैं। क्या आप जानते हैं कि सुपरस्टार्स से भरी इस फिल्म में लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले रवि दुबे कौन हैं? हाल ही में रामायण के सेट से एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें रणबीर कपूर रवि दुबे को गले लगाते दिखे थे। ये वीडियो फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद का बताया जाता है। आइए जानते हैं लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले रवि दुबे के बारे में।

## टेलीकॉम इंजीनियरिंग में हासिल की डिग्री

रवि दुबे का जन्म उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 23 दिसंबर 1983 को हुआ था। रवि के पिता एक सिविल इंजीनियर हैं। हालांकि, रवि दुबे के जन्म के बाद ही उनका परिवार दिल्ली चला आया था। रवि दुबे ने मुंबई के राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से टेलीकॉम इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की है। कॉलेज के दिनों में ही शुरू की मॉडलिंग रवि दुबे ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की। उन्होंने अपने कॉलेज के दौरान ही मॉडलिंग शुरू कर दी थी। इसके बाद वो कई विज्ञापनों में नजर आए। यही नहीं रवि ने एक्टिंग में अपना पहला ब्रेक मिलने से पहले ही अलग-अलग ब्रांड्स के लिए तकरीबन 40 से ज्यादा विज्ञापन कर लिए थे।

## टीवी से की करियर की शुरुआत

इसके बाद उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत साल 2006 में आए डीडी नेशनल के शो 'स्त्री तेरी कहानी' से की। इस शो को दिलीप कुमार और सायरा बानो ने प्रोड्यूस किया था। इसके बाद रवि 'यहां के हम सिकंदर', 'रणबीर रानो', '12/24 करोल बाग' और 'सास बिना ससुराल' जैसे कई डेली सोप में नजर आए। हालांकि, रवि को टीवी सीरियल्स की दुनिया में सफलता 2014 में आए डेली सोप 'जमाई राजा' से मिली।

## कई रियलटी शो में आए नजर और किए होस्ट

कई डेली सोप में काम करने के बाद रवि कई रियलटी शो में भी नजर आए। इनमें 'कॉमेडी सर्कस', 'कहानी कॉमेडी सर्कस की', 'नच बलिये 5', 'फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी', 'लिप सिंग बैटल' जैसे रियलटी शो शामिल हैं। नच बलिये में रवि सरगुन मेहता के साथ नजर आए थे। जो अब उनकी पत्नी हैं। इसके बाद रवि ने कई रियलटी शोज को होस्ट भी किया। इनमें इंडियाज डांसिंग सुपरस्टार, फैशन का जलवा, सबसे स्मार्ट कौन और सा रे गा मा लिटिल चैंप्स शामिल हैं। सरगुन मेहता से की शादी, बाद में साथ मिलकर खोला खुद का प्रोडक्शन हाउस अगर पर्सनल लाइफ की बात करें तो रवि दुबे ने साल 2013 में अभिनेत्री सरगुन मेहता से शादी कर ली। रवि ने सरगुन को रियलटी शो में ही प्रपोज किया था। 2019 में रवि दुबे ने पत्नी सरगुन के साथ ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट के नाम से अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस शुरू किया। जिसके अंतर्गत उन्होंने कई पंजाबी फिल्में, म्यूजिक एल्बम और सिंगल सॉन्ग प्रोड्यूस किए हैं।

रवि दुबे ने फिल्मों में अपनी शुरुआत साल 2011 में आई फिल्म 'यू आर माय जान' से की थी। इस फिल्म में रवि छोटी सी भूमिका में नजर आए थे। इस फिल्म को अभिनेता अरुण गोविल ने डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया था। हालांकि, रवि दुबे को पहचान टीवी शो 'जमाई राजा' और रियलटी शोज से ही मिली। इसके अलावा उनके अभिनय की तारीफ 2021 में 'मत्स्य कांड' में काफी हुई थी। इसमें पीयूष मिश्रा और रवि किशन जैसे अभिनातओं के सामने रवि ने अपनी एक्टिंग की छाप छोड़ी थी। इसके अलावा रवि कुछ एक और वेब सीरीज में भी नजर आए हैं। साथ ही 'वे हानिया' जैसे सुपरहिट सिंगल सॉन्ग में भी रवि दुबे दिखाई दिए हैं।

## 'रामायण' से बदलेगा रवि का करियर !

अब 'रामायण' में लक्ष्मण के किरदार निभाना रवि दुबे के करियर के लिए टर्निंग प्वाइंट हो सकता है। क्योंकि नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में एक से बढ़कर एक दिग्गज सुपरस्टार नजर आने वाले हैं। वहीं इस फिल्म को लेकर जबरदस्त बज क्रिएट है और ये भारतीय सिनेमा की एक बड़ी फिल्म बन सकती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in